नई दिल्ली
मंगलवार, 19 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 125
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 27

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पीएम से मिले सीपी राधाकृष्णन


'भावी' उपराष्ट्रपति ने पीएम आवास जाकर पीएम मोदी से की मुलाकात

## प्रधानमंत्री मोदी बोले-राधाकृष्णन का अनुभव राष्ट्र को समृद्ध करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी चुने जाने के बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर पीएम मोदी से मुलाकात की। राधाकृष्णन 4 दशकों से अधिक समय से राजनीतिक, सामाजिक और सांविधानिक जीवन में सक्रिय हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर तस्वीरें शेयर कर लिखा, राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें एनडीए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राजनाथ और रिजिजू को मिली चुनाव की जिम्मेदारी

भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया। पार्टी ने उपराष्ट्रपति चुनाव की जिम्मेदारी राजनाथ सिंह और चुनावी एजेंट केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को बनाया है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव : विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार तिरुचि शिवा हों या कोई और भाजपा के राधाकृष्णन का अगला वीपी चुना जाना तय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में गहमागहमी तेज हो गई है। एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है, वहीं विपक्ष अब साझा उम्मीदवार पर मंथन कर रहा है। संख्या बल भले ही एनडीए के पक्ष में हो, लेकिन विपक्षी दल इस चुनाव को विचारधारा की लड़ाई और राजनीतिक संदेश देने का अवसर मान रहे हैं।

### विपक्ष की बैठक और रणनीति

शनिवार को विपक्षी नेताओं की अहम बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में कई नामों पर चर्चा चली, परंतु द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के वरिष्ठ सांसद तिरुची शिवा सबसे आगे बताए जा रहे हैं। उनका नाम दक्षिण भारत से संतुलन साधने और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की रणनीति के तहत आया है।



### संभावित उम्मीदवार : तिरुची शिवा

राज्यसभा सांसद तिरुची शिवा लंबे समय से संसदीय राजनीति में सक्रिय हैं और तमिलनाडु की राजनीति में उनकी साख मजबूत मानी जाती है। विपक्षी खेमे का मानना है कि उनका चयन दक्षिण भारत में संदेश देने के साथ-साथ क्षेत्रीय सहयोगियों को साथ जोड़ने में मदद करेगा।अभी वे राज्यसभा में डीएमके संसदीय दल के नेता हैं।

**विपक्ष में मतभेद भी:** हालांकि, विपक्ष के भीतर मतभेद की खबरें भी सामने आई हैं। तृणमूल कांग्रेस ने उम्मीदवार के चयन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## उपराष्ट्रपति चुनाव: एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन कल करेंगे नामांकन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन कल बुधवार 20 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'आज एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन दिल्ली पहुंचे और हमने एनडीए के नेताओं के साथ एक परिचयात्मक बैठक की... हमें बहुत गर्व है कि सीपी राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। हमें ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप


### जिगर के टुकड़े को बचाने भिड़ गई मां बचा लाई लाल

**उदयपुर।** शहर के न्यू आरटीओ रोड स्थित गौतम विहार कॉलोनी में रविवार शाम 5 वर्षीय गौरांश पर तीन कुत्तों ने हमला कर दिया। बच्चा घर के बाहर स्कूटर चला रहा था, तभी अचानक कुत्तों का झुंड दौड़ता हुआ आया और उसे जमीन पर गिराकर नोचने लगा। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां प्रीति दौड़ी और किसी तरह कुत्तों को भगाया। परिजन तुरंत बच्चे को अस्पताल ले गए। सीसीटीवी फुटेज में पूरा घटनाक्रम साफ नजर आ रहा है, जिसमें तीनों कुत्ते मासूम को गिराकर काटते दिखते हैं। 2 महीने पहले शहर की एक कॉलोनी में 8 साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला किया था। वहीं, दरगाह क्षेत्र में 5 साल की बच्ची की कुत्तों के हमले में मौत हो गई थी।



### देश के कई हिस्सों में एयरटेल की सेवाएं ठप

**नई दिल्ली।** एयरटेल यूजर्स पिछले कुछ घंटों से नेटवर्क और इंटरनेट की दिक्कत झेल रहे हैं। कंपनी ने सोशल मीडिया पर बताया है कि उन्हें समस्या की जानकारी है और इसे जल्द से जल्द ठीक करने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई जगहों से लोगों ने शिकायतें की हैं कि कॉल करना और दूसरी सेवाएं इस्तेमाल करना मुश्किल हो रहा है।हालांकि कुछ मोबाइल्स में इंटरनेट ठीक से चल रहा है। दिल्ली-एनसीआर, जयपुर, कानपुर, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे कई शहरों में एयरटेल यूजर्स नेटवर्क और इंटरनेट की दिक्कत झेली हैं। सोमवार शाम 4:30 बजे तक 3,500 शिकायतें दर्ज की।




टैरिफ संकट के बीच पुतिन ने मोदी को दी अलास्का में ट्रंप से हुई बातचीत की जानकारी

# पीएम ने यूक्रेन विवाद के समाधान और इस संबंध में जारी सभी प्रयासों का पुरजोर किया समर्थन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ में भविष्य में और अधिक बढ़ोतरी करने की अमेरिका की चेतावनी के बीच सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की।

जिसमें पुतिन ने बीते 15 अगस्त को अलास्का में यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने से जुड़े हुए संघर्षविराम समझौते के मुद्दे पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई उनकी पहली शिखर बैठक के बारे में विस्तार से अवगत कराया। जो कि हालांकि 'बेनतीजा' रही। प्रधानमंत्री की 'एक्स' पोस्ट और उसी के साथ विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक बयान से यह जानकारी मिली है।

### शांति बहाली के सभी प्रयासों के समर्थकः पीएम


विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी यह जानकारी

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि मेरे मित्र पुतिन से हुई बातचीत में सबसे पहले मैंने रूस के राष्ट्रपति का उनकी फोन कॉल और उसमें अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया। इसके अलावा मैंने यूक्रेन विवाद का बातचीत और कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने को लेकर बने हुए भारत के पक्ष को मजबूती के साथ दोहराते हुए कहा कि भारत ने लगातार यूक्रेन संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने का आह्वान किया है। जिसका आधार बातचीत और कूटनीति है। हम इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करते हैं। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति के साथ आने वाले दिनों में निरंतर आदान-प्रदान की भी आशा जताई।

### हर हाल में राष्ट्रीय हितों की होगी सुरक्षा

अमेरिका द्वारा लगाए गए सर्वाधिक टैरिफ के तुरंत बाद भारत ने मामले पर अपना रुख साफ कर दिया है। जिसमें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा था कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की हर हाल में रक्षा करेगा और इस संबंध में हर जरूरी कदम उठाएगा। इसके अलावा एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऐलान किया था कि भारत अपने देश के किसानों की हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

### बीते 10 दिनों में दूसरी बार हुई बातचीत

गौरतलब है कि बीते लगभग 10 दिनों में भारत और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलीफोन पर हुई यह दूसरी बातचीत थी। पूर्व में अलास्का की शिखर बैठक से पहले 8 अगस्त को भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच फोन पर संवाद हुआ था। जिसका जिक्र पीएम ने सोशल मीडिया पर करते हुए कहा था कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस बातचीत के दौरान मुझे यूक्रेन से जुड़े हुए ताजा घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। जबकि मैंने उन्हें इस वर्ष भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही हमारी वार्ता में द्विपक्षीय एजेंडे में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विवाद के शांतिपूर्ण समाधान निकालने के भारत के पक्ष को भी रूस के राष्ट्रपति के समक्ष मजबूती के साथ रखा। रूस के राष्ट्रपति के साथ-साथ पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ भी टेलीफोन पर बातचीत की थी।

### *भारत के लिए और बढ़ेगी टैरिफ की चुनौती?*

*ज्ञात हो कि भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर रूस और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों के बीच होने वाली इस महत्वपूर्ण शिखर बैठक का स्वागत किया था। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी बीते दिनों एक मीडिया ब्रीफिंग में अमेरिका के साथ साझेदारी आगे बढ़ने की उम्मीद जताई थी। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के मध्य अमेरिका के वित्त मंत्री (ट्रेजरी सचिव) स्कॉट बेसेंट ने हालिया दिनों में भारत को चेतावनी देते हुए कहा था कि 15 अगस्त को अलास्का में होने वाली ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के परिणाम काफी हद तक ये तय करेंगे कि भारत पर सेकेंडरी टैरिफ और बढ़ सकता है या* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ट्रंप, जेलेंस्की की मुलाकात शांति पर बात

एजेंसी, वॉशिंगटन। रूस-यूक्रेन युद्धविराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हुई। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि वो शांति के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जेलेंस्की पुतिन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने पुतिन की तारीफ करते हुए कहा कि उनके लिए अलास्का आना आसान नहीं था, फिर भी वो आए। पुतिन भी युद्ध नहीं चाहते ▶▶ शेष पेज 5 पर

विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार ने लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश

## लोकसभाः सदन ने अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला को दी बधाई, हुई विशेष चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को भी विपक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया है। इसके चलते लोकसभा में कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार ने लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया।

लोकसभा की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि अगर वे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाएँगे, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता ने सदस्यों को मुद्दे उठाने और उनके कल्याण से जुड़े सवाल पूछने के लिए चुना है, लेकिन वे कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं, जो उचित नहीं है।

बार-बार अपील के बावजूद, विपक्षी सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा, जिसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दूसरे स्थगन के बाद दोपहर दो बजे जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पूरे सदन की ओर से अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई दी। बिरला ने कहा कि कैप्टन शुक्ला ने एक्सिओम मिशन-4 के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा है। इसके बाद उन्होंने सदन के सभी सदस्यों से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा में भाग लेने की अपील की। इसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। शोरगुल के बीच, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान पीठासीन अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने विरोध कर रहे सदस्यों से बार-बार अपनी सीटों पर वापस जाने और इस विशेष चर्चा में भाग लेने की अपील की लेकिन विपक्षी सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा, जिसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

इससे पहले, जब निचले सदन की कार्यवाही पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे शुरू हुई, तो वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए विश्वास-आधारित शासन को और भी मजबूत करने के लिए अपराधों ▶▶ शेष पेज 5 पर

तंबाकू व सिगरेट की श्रेणी में रखने पर विचार

## 'ऑनलाइन गेमिंग' पर सरकार लगा सकती है 40% जीएसटी




ऑनलाइन गेमिंग से रेवन्यू 412% बढ़कर सिर्फ 6 महीने में 6,909 करोड़ रु. तक पहुंच गया

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) पर केंद्र सरकार बदलाव करने जा रही है। सरकार सिन और डिमेरिट गुड्स पर विशेष 40 फीसदी टैक्स लगाने की तैयारी है। जिसमें पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट, लग्जरी गाड़ियों के साथ ऑनलाइन गेमिंग को भी शामिल किया जा सकता है। इससे पहले, कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां यह कहते हुए 28% टैक्स नहीं दे रही थीं कि कौशल आधारित खेलों और भाग्य आधारित खेलों के लिए अलग-अलग टैक्स दरें हैं। जुलाई 2023 में परिषद द्वारा 1 अक्टूबर, ▶▶ शेष पेज 5 पर

टोल वसूली पर एनएचएआई की याचिका पर शीर्ष कोर्ट का फैसला सुरक्षित

## अगर ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें?


सरकार ने कहा-कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालयेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली-मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई ▶▶ शेष पेज 5 पर

शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन के बाद पीएम को तिरंगा भेंट किया

## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

पीएम ने आत्मीयता के साथ गले लगाते हुए उनका स्वागत किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम ने बेहद आत्मीयता के साथ गले लगाते हुए जोरदार अंदाज में उनका स्वागत किया। वायुसेना के अधिकारी ने प्रधानमंत्री को अपने मिशन से जुड़ी हुई एक खास तस्वीर दिखाने के साथ ही उन्हें देश के राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगे की एक तस्वीर भी भेंट की। एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीसीटीवी डीवीआर भी ले गए

## सूरत में 25 करोड़ के हीरे हुए चोरी,कटर से तिजोरी काटी

एजेंसी ▶▶ सूरत



- डीसीपी एफएसएल की टीम जांच में जुटी

कपोद्रा थाना क्षेत्र स्थित डक एंड संस डायमंड फैक्ट्री में चोरों ने फिल्मी अंदाज में चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने फैक्ट्री के ऑफिस में रखी तिजोरी को गैस कटर से काट डाला और उसमें रखे लगभग 25 करोड़ रुपए से भी अधिक मूल्य के हीरे लेकर फरार हो गए। फैक्ट्री 15 अगस्त की शाम से जन्माष्टमी और रविवार की छुट्टियों के कारण बंद थी। सूचना मिलते ही कपोद्रा पुलिस, क्राइम ब्रांच और एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई। एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने पाया कि चोर न केवल तिजोरी काटकर हीरे ले गए, बल्कि फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ डाला और वहां से डीवीआर (रिकॉर्डिंग सिस्टम) भी साथ ले गए, जिससे अंदरूनी फुटेज हाथ नहीं लग सकी। पुलिस अब फैक्ट्री के बाहर लगे कैमरों और कर्मचारियों के कॉल डिटेल्स खंगाल रही है।

वोटर अधिकार यात्रा का दूसरा दिन जोरदार अंदाज़ में शुरू किया

## औरंगाबाद में वोटर अधिकार यात्रा का दूसरा दिन: राहुल गांधी ने पूजा-अर्चना से किया शुभारंभ, जनता को वोटर अधिकार दिलाने का दोहराया वादा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ औरंगाबाद (बिहार)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज औरंगाबाद से अपनी "वोटर अधिकार यात्रा" का दूसरा दिन जोरदार अंदाज़ में शुरू किया। इस दौरान उन्होंने देव सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना की, ग्रामों से होते हुए रफ्तार पुनः पकड़ी और कई व्यवस्थागत उद्देश्यों के साथ जनता को जोड़ा। रास्ते भर सुबह से स्थानीय जनता सड़कों पर राहुल गांधी की अगवानी में पूरे जोशखरोश से उपस्थित रही । शाम के वक्त औरंगाबाद के कई इलाकों से गुजरते हुए गया पहुंचे। भरी भीड़ को गया के मैदान में संबोधित करते हुए राहुल गांधी दोगुने उत्साह से लबरेज नजर आए । चुनाव आयोग के मुद्दे को उन्होंने भाजपा के खिलाफ एक "राजनीतिक अस्त्र" के रूप में उपयोग करने की कोशिश की। भीड़ से उन्होंने पूछा , वोट चुराया जा रहा हा न ? जिंदा कौम की तरह भीड़ से आवाज आई - हाँ । उनमे से कई मंच पर जाकर हकीकत अपनी आपबीती बताना चाह रहे थे। बाद में सभी को राहुल गांधी से मिलवाया गया।

### सुबह की शुरुआतः सामुदायिक आशीर्वाद के साथ

जनसंवाद और ग्रामीण आशीष

- यात्रा सुबह 8 :15 बजे कुटुंबा प्रखंड के बभंडीह खेल मैदान से शुरू हुई, जहां यात्रा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, राजेश राम, और अन्य इंडिया ब्लॉक नेता मौजूद रहे।
- यात्रा का पहला पड़ाव देव (औरंगाबाद) स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर था, जहां राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।
- पूजा अर्चना के बाद राहुल गांधी का काफिला स्थानीय गांवों से होकर आगे बढ़ा, रास्ते में गांव वासियों ने जोरदार स्वागत किया।
- कुटुंबा क्षेत्र में उन्हें कुछ मतदाताओं ने शिकायतें दीं कि उन्हें वोटर सूची (मसौदा सूची) से हटाया गया है। राहुल गांधी ने इन प्रभावित लोगों से समीक्षा की और उनका हक सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

यात्रा की दिशा : रफ्तार से विकास की ओर

- यात्रा कुटुंबा से आगे अंबा चौक होते हुए देव मंदिर तक और फिर दक्षिण की ओर ▶▶ शेष पेज 5 पर

## विद्यार्थियों में फैली दहशत, और प्राधिकारियों ने खाली कराए परिसर

# द्वारका के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के द्वारका के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिससे विद्यार्थियों में दहशत फैल गई और प्राधिकारियों को परिसर खाली कराने पड़े। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल और श्री राम वर्ल्ड स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये धमकियां ईमेल के जरिए मिलीं।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते की कई टीम मौके पर पहुंच गई हैं। साइबर टीम ईमेल भेजने वाले के 'इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) एड्रेस' का पता लगाने में जुटी हैं। अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्कूलों में तलाश अभियान जारी है।




### केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**हरिभूमि, नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकी मिलने के बाद सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी 'चार इंजन वाली' सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि द्वारका के दिल्ली पब्लिक स्कूल समेत द्वारका के कई स्कूलों को आज फिर बम की धमकियां मिली हैं। दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की कानून-व्यवस्था। भाजपा की चार इंजन की सरकारें दिल्ली में पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। वहीं नेता विपक्ष आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि स्कूलों में धमकी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। फिर से दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। दिल्ली पुलिस आखिर कर क्या रही है? बच्चे, अभिभावक खौफ में हैं लेकिन भाजपा की चार इंजन की सरकार उनको सुरक्षा देने में नाकाम है। गौरतलब है कि पुलिस के अनुसार द्वारका के दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल और श्रीराम वर्ल्ड स्कूल को धमकियां मिली हैं।

### संवेदनशील मुद्दे पर लगातार ओछी राजनीति करते हैं केजरीवाल : सचदेवा

**हरिभूमि, नई दिल्ली।** यह अत्यंत दुखद है कि आम आदमी पार्टी नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्कूलों को अज्ञात सूत्रों से मिलने वाली बंब धमकियों जैसे संवेदनशील मुद्दे पर लगातार ओछी राजनीतिक ब्यानबाज़ी करके समाज में अभिभावकों में तनाव उत्पन्न करने की कोशिश करते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को केजरीवाल पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। सचदेवा ने कहा है कि यह अज्ञात बंब धमकियां केवल दिल्ली या भारत तक सीमित समस्या नहीं है, आज दुनिया भर में स्कूलों, अस्पताल एवं हवाई जहाजों को अज्ञात धमकी मिलना रोजमर्रा की बात हो गई है और दुनिया भर की तरह दिल्ली पुलिस भी इन्हें गम्भीरता से लेते हुए पहले सुरक्षा सुनिश्चित करती है और फिर जांच कर संलिप्त आरोपी को पकड़ती है। सचदेवा ने कहा है कि यह सर्वविदित है कि पूर्व में दो बार ऐसी धमकियों की जांच में स्वयं नाबालिग छात्र ही संलिप्त पाये गये और एक बार तो धमकी देने में संलिप्त नाबालिग छात्र के पिता का रिश्ता पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना से जुड़ी एक एन.जी.ओ. से रहा है। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहती है कि उनकी नेता आतिशी मार्लेना के माता पिता आतंकवादियों का समर्थन करते हैं और स्कूलों को धमकी देने वाले के तार भी उन्ही की एन.जी.ओ. से जुड़े निकले हैं तो ऐसे में केजरीवाल बतायें कि क्या उन्होंने स्कूलों को धमकी देने वाले नाबालिग छात्र के आतिशी से जुड़ी एन.जी.ओ, शायद से जुड़ाव पर या उनके माता पिता के आतंकवादी प्रेम पर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी से कोई जवाब मांगा।

## आरएसएस प्रमुख भागवत ने किया 'तन समर्पित, मन समर्पित' पुस्तक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को 'तन समर्पित, मन समर्पित' पुस्तक का लोकार्पण किया। स्वर्गीय रमेश प्रकाश के जीवन और योगदान को समर्पित उनकी जीवनी प्रधान पुस्तक 'तन समर्पित, मन समर्पित' का लोकार्पण करने के अवसर पर भागवत ने कहा कि रमेश जी के प्रेरणादायक गुणों पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि कैसे उनके जीवन में त्याग, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव के प्रति अथक प्रतिबद्धता के आदर्श प्रतिबिम्बित हुए। एक समर्पित कार्यकर्ता की पहचान उपाधियों, धन या सार्वजनिक प्रशंसा से नहीं, बल्कि आंतरिक अनुशासन, विनम्रता और व्यापक हित के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता से होती है।

इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, इंडिया टुडे

■ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य और प्रबुद्धजन रहे कार्यक्रम में मौजूद

समूह की अध्यक्ष कली पुरी जी और स्वर्गीय रमेश प्रकाश की पत्नी आशा शर्मा विशेष तौर पर मौजूद थी। भागवत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के नैतिक ताने-बाने को मज़बूत करते हैं और बिना किसी पहचान या सामाजिक प्रतिष्ठा की लालसा के, स्वर्गीय रमेश प्रकाश ने राष्ट्र और उसके लोगों के कल्याण के लिए निरंतर परिश्रम किया, और अपने आदर्श की शांत उदात्तता से सभी को प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान की सराहना की और इस बात पर ज़ोर दिया कि कैसे उनके मूल्य समाज की सेवा में पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। सुरुचि प्रकाशन से यह पुस्तक प्रकाशित हुई है।

## दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 2025 मंजूरः रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 मंजूर हो गया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह ऐतिहासिक कानून अब शिक्षा के व्यवसायीकरण पर अंकुश लगाएगा और स्कूलों की फीस निर्धारण में पारदर्शिता, जवाबदेही व निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि इस विधेयक में अभिभावकों की 'संवेदनाओं' को प्राथमिकता दी गई है। वे स्कूल फीस के निर्धारण में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री बताया कि दिल्ली विधानसभा में 8 अगस्त को यह विधेयक पारित किया गया था। यह विधेयक दिल्ली के लाखों अभिभावकों के लिए एक ऐतिहासिक जीत है। वर्षों से अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी शुल्क वृद्धि से परेशान थे। इस कानून ने स्कूलों में एक सुदृढ़, पारदर्शी और सहभागी शुल्क विनियमन प्रणाली स्थापित की है। अब शिक्षा कोई व्यावसायिक सौदा नहीं होगी, बल्कि एक अधिकार और लोक-कल्याण का साधन बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि यह विधेयक अभिभावक, शिक्षक, प्रबंधकों और सरकार के प्रतिनिधित्व वाली स्कूल स्तरीय फीस नियंत्रित समितियों को अनिवार्य बनाता है। अब किसी भी प्रकार की फीस बढ़ोतरी के लिए पूर्व अनुमोदन आवश्यक है।

## रामलीला सहित आयोजनों के लिए भूमि किराए पर देने को डीडीए ने सख्त शर्तें लगाई, जारी किया नया एसओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 22 सितंबर 2025 से शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व रामलीला के आयोजनों के लिए भूमि किराए पर देने की नई सख्त शर्तें लागू की है। डीडीए ने इसको लेकर एक नया और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया है। इस बारे में डीडीए के एक आला अधिकारी ने बताया कि ओपन स्पेस के लिए अब प्राधिकरण ने नया एसओपी जारी किया है। जिसमें रामलीला के लिए आयोजकों को अब अधिक जानकारी देनी होगी, इसमें पुराने आयोजकों को तरजीह दी जाएगी। जिसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और सुरक्षा सुनिश्चित करना है. यह नया नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और इस साल की रामलीलाओं के लिए बुकिंग करने वाले आयोजकों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। नए एसओपी के तहत 10 सितंबर तक रामलीलाओं के लिए ओपन स्पेस की बुकिंग शुरू है। अधिकारी ने बताया कि गत सप्ताह इस संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने मुख्यमंत्री




रेखा गुप्ता पहुंची थी। इस बैठक में एलजी को बताया गया था कि दिल्ली में 600 रामलीलाओं का मंचन होता है, जिसमें 100 रामलीला मंचन भव्य और विशाल तरीके से किया जाता है। अधिकारी ने बताया कि नए एसओपी के तहत रामलीला समितियों या अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजकों को अब बुकिंग के समय आयोजक संस्था का पंजीकरण प्रमाण पत्र और यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत हो पेश करना होगा। समिति सदस्यों का विवरण जिसमें समिति के सभी पदाधिकारियों और प्रमुख सदस्यों के नाम, पते, और संपर्क नंबर शामिल होगें। अगर किसी भी समिति ने पूर्व में डीडीए की जमीन पर आयोजन किया है, तो पिछले वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट जमा करनी होगी। कार्यक्रम की विस्तृत कार्यक्रम की अवधि, प्रतिदिन आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण, दर्शकों की अनुमानित संख्या और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी देनी होगी। आयोजन स्थल पर अग्नि सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था को लेकर आयोजकों को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करना होगा और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। अधिकारी ने बताया कि भूमि के लिए अब से पहले बुकिंग प्रक्रिया में कुछ कमियां थीं। लेकिन अब नया नियम यह सुनिश्चित करेगा कि केवल प्रामाणिक और जिम्मेदार संस्थाएं ही मैदानों का उपयोग करे। जानकारी अनुसार उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने बयान दिया था कि अब रामलीला मंचन के लिए सभी अनुमतियों के लिए जिला स्तर पर डीएम की अगुवाई में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया जा रहा है। इसी सिंगल विंडो से रामलीला मंचन के लिए सभी तरह की एनओसी जारी होगी। जबकि रामलीला मंचन के लिए भूमि की सिक्योरिटी राशि को 20 रुपये वर्गमीटर से घटाकर 15 रुपये वर्गमीटर किया जा रहा है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में आग लगने से तीन लोगों की मौत




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के राजा गार्डन में सोमवार अपराह्न इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दुकान में आग लग गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चार मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर स्थित महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स में अपराह्न 3.08 बजे आग लगने की सूचना मिली। अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि हमने दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। चार लोग धुएं के कारण बेहोश हो गए और उन्हें कैट्स एम्बुलेंस द्वारा पास के अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आग में दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति का अस्पताल में उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन अभियान शाम 4.10 बजे समाप्त हो गया।

## यूईआर-2 मार्ग पर आवारा पशुओं का खतरा, हादसों का बढ़ रहा है अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली सरकार, निगम और यातायात पुलिस को देना चाहिए ध्यान

राजधानी दिल्ली के बहुप्रतीक्षित 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2)' का रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया उद्घाटन जहां एक ओर लोगों को तेज़ और सुगम यातायात की सुविधा देने वाला है, वहीं दूसरी ओर इस मार्ग पर 'आवारा पशुओं की मौजूदगी' चिंता का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि नवनिर्मित सड़क पर अक्सर आवारा पशु घूमते दिखाई देते हैं। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के बीच इन पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने से सड़क हादसों की आशंका बढ़ सकती है।

होलंबी के स्थानीय निवासी ने बताया कि नरेला, रोहिणी और बवाना से होकर गुजरने वाले इस मार्ग पर पहले और उद्घाटन वाले दिन रविवार को भी आवारा पशुओं के झुंड और आवारा पशु देखे गए हैं। यदि अब यूईआर-2 के उद्घाटन के बाद इन आवारा पशुओं का सड़क से नहीं हटाया गया तो छोटे-बड़े और गंभीर हादसे भी हो सकते हैं। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम प्रशासन और यातायात पुलिस ने



इस तरफ विशेष ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

जल्द से जल्द उठाए जाए आवारा पशु मामले में कदम

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिल्ली में इस तरह की हाईवे जैसी सड़कों पर 'एंटी-एनिमल बैरियर, चेतावनी संकेत और नियमित निगरानी' जरूरी है। साथ ही नगर निगम को आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था करनी होगी। चालकों व स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मुद्दे पर कदम उठाए जाएं ताकि यूईआर-2 मार्ग वास्तव में सुरक्षित और उपयोगी साबित हो सके।

## किसके आदेश से निगम कर्मियों को पीएम मोदी की रैली में जबरन भेजा : नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में (एमसीडी) में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को एमसीडी के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह और निगम आयुक्त को प्रधानमंत्री की रैली में निगम कर्मियों को जबरन भेजने के संबंध में पत्र लिखा है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पूछा है कि किसके आदेश से कर्मियों को रैली में जबरन भेजा गया? बसों की व्यवस्था किसने की, बसों के व्यय का भुगतान किस मद से किया गया और क्या किसी राजनीतिक रैली में कर्मियों को भेजना उचित है?

■ महापौर और निगम आयुक्त को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग

उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा, 'आप' पार्षद कुसुम लता, सारिका चौधरी, भगवीर और राकेश लोहिया ने भी मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग को लेकर अपने जोन के निगम उपायुक्त को पत्र लिखा है।

अंकुश नारंग ने अपने पत्र में कहा है कि जैसा कि आपको विदित ही है कि रविवार, 17 अगस्त को दिल्ली के रोहिणी/नरेला क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूईआर-2 के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा द्वारा एक विशाल राजनीतिक रैली का आयोजन किया गया। प्राप्त सूचनाओं एवं प्रमाणों के अनुसार, इस रैली को सफल दिखाने के लिए एमसीडी के विभिन्न जोन एवं वार्डों से सफाई कर्मियों, मलेरिया विभाग के कर्मियों, तथा निगम विद्यालयों के शिक्षकों को जबरन बुलाया गया। यह भी ज्ञात हुआ है कि इन कर्मियों को धमकी दी गई कि यदि वे रैली में उपस्थित नहीं हुए, तो उनकी सेवा समाप्ति, वेतन रोकने, अथवा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### एनएसयूआई ने छात्राओं के मासिक धर्म चक्र के दौरान 12 दिन के अवकाश की मांग दोहराई

**हरिभूमि, नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मांग एक बार फिर दोहराई है। संगठन की मांग है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के मासिक धर्म चक्र के समय 12 दिन का अवकाश दिया जाना चाहिए। संगठन ने इसको लेकर पांच रोज पहले विश्वविद्यालय परिसर में भी जोरदार प्रदर्शन किया था। अब इस मुद्दे पर एनएसयूआई अध्यक्ष वरूण चौधरी ने कहा कि यह केवल मांग नहीं है। छात्राओं के हक व उनकी जरूर तथा सेहत से जुड़ा मामला है। एनएसयूआई पंजाब में भी इस मांग को कर रही है। एनएसयूआई का कहना है कि इस लड़ाई को हम बीच में नहीं छोड़ेंगे, बल्कि जल्द ही इस मांग को पूरा नहीं किया गया तो दिल्ली में आंदोलन होगा। वहीं दूसरी तरफ डूसू रौनक चौधरी भी इस मुद्दे पर कई तरीके से डूसू प्रशासन पर लगातार दबाव बना रहे है। संगठन की मांग है कि प्रत्येक सेमेस्टर में छात्राओं के लिए कम से कम 12 दिन का अवकाश दिया जाना चाहिए।

### 394 पार्कों में वर्षा जल संचयन प्रणालियों की सफाई का कार्य पूरा : सत्या शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने (एमसीडी) 12 जोनों में स्थित लगभग 394 पार्कों में वर्षा जल संचयन प्रणालियों की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह प्रयास सुनिश्चित कर रहा है कि वर्षा ऋतु में ये प्रणालियाँ अपनी अधिकतम क्षमता के साथ कार्य करें और भू-जल स्तर को रिचार्ज करने में सहायक होगीं। एमसीडी की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एमसीडी इस वर्ष 115 और वर्षा जल संचयन प्रणालियाँ स्थापित करने की योजना बना रहा है। इन्हें भी इसी कम लागत वाली तकनीक से निष्क्रिय बोरवेल का उपयोग कर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा विकसित यह वर्षा जल संचयन प्रणाली एक किफ़ायती तकनीक है, जिसमें पार्कों की सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले निष्क्रिय बोरवेल को भू-जल रिचार्ज संरचना में परिवर्तित किया गया है। सत्या शर्मा ने बताया कि इस पद्धति में एक 5 फुट चौड़ाई और 5 फुट गहराई और 5 फुट लंबाई का गड्ढा खोदकर उसमें खड़ा पाइप डाला जाता है। पाइप को चारों ओर से छिद्रित किया जाता है, जिसे जियो-टेक्सटाइल फैब्रिक से लपेटा जाता है ताकि अवरोध न हो।

गड्ढे में छोटे व मध्यम आकार के कंकड़-पत्थर भरे जाते हैं जो जल छनन व रिसाव को सुगम बनाते हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष ने एमएसएमई ग्लोबल समिट को मुख्य अतिथि के रूप में किया संबोधित

# एमएसएमई हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एमएसएमई हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वर्तमान में यह क्षेत्र भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 प्रतिशत योगदान देता है। यह बात सोमवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एमएसएमई ग्लोबल समिट 2025 को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। यह सम्मेलन स्टार इंटरनेशनल एमएसएमई फोरम द्वारा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) तथा सर्विस एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया (एससईपीसी) के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय, 'एमएसएमई को सशक्त करना, वैश्विक स्तर पर जोड़ना'—कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीक के




उपयोग, निर्यात रणनीतियों, महिला एवं युवा उद्यमिता तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए मंच प्रदान करता है। गुप्ता ने कहा कि यदि उपयुक्त नीतियां, वैश्विक साझेदारियां और नवाचार को बढ़ावा मिले, तो यह योगदान 60–70 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। यही भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे ले जाएगा। गुप्ता ने प्रधानमंत्री के लोकल टू ग्लोबल के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक क्रांति का घोषणा पत्र है। 20 से अधिक देशों—जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, के व्यापार प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ यह सम्मेलन भारतीय उद्यमियों को नए बाजारों तक पहुंचने, उन्नत तकनीकों को अपनाने और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर उपलब्ध कराता है। भारत की ताकत केवल बड़े उद्योगों में नहीं, बल्कि उन असंख्य छोटे सपनों में है, जिन्हें लाखों एमएसएमई उद्यमी प्रतिदिन साकार कर रहे हैं। यही छोटे सपने मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग दिखा रहे हैं। गुप्ता ने उद्यमियों से मेक इन इंडिया से आगे बढ़कर मेड फॉर द वर्ल्ड की ओर बढ़ने का आह्वान किया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि नवाचार, गुणवत्ता संवर्द्धन और वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ाव ही इस लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी हैं। साथ ही उन्होंने महिलाओं और युवाओं से आग्रह किया कि वे सरकारी नीतियों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग तथा इस प्रकार के मंचों से मिल रहे अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर भारत के एमएसएमई को मजबूत बनाएं ताकि वे व्यापार और नवाचार में दुनिया के अग्रणी बन सकें।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रोशन सिंह, पुत्रः** स्व. चिराग सिंह, **पताः** मकान न. 754 और 736, मोहल्ला आकाश नगर, पी.एस.– हवा बंगला, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, **और** वेगा बांड, गुरूद्वारा सीस गंज, नई दिल्ली, ने **FIR No. 745/2015, U/s 380/451/34 IPC, थानाः** रूप नगर, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रोशन सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रोशन सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 745/2015, U/s 380/451/34 IPC, थानाः** रूप नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **रोशन सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हिमांशी त्यागी, एल.डी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–13 (केन्द्रीय)
कमरा न. 33, भू–तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10379/N/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव** पुत्र हरीश रावत निवासी बाल्मीकि कॉलोनी, एमसीडी पार्क के पास, ग्राम सिंघु, दिल्ली ने ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 00150/2019 धारा 379/411/34 भा.दं.सं. के तहत थाना अलीपुर, उत्तरी जिला (बाहरी), दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गौरव** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 00150/2019 धारा 379/411/34 भा.दं.सं. के तहत थाना अलीपुर, उत्तरी जिला (बाहरी), दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.09.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री रुबी नीरज कुमार,
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (उत्तर),
न्यायालय संख्या-115, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/11014/ON/2025



### आईटीओ बैराज के खोले गए सभी गेट

# खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा यमुना का जलस्तर, सीएम ने किया निरीक्षण

**14 स्थानों पर बचाव व राहत के लिए नावें तैनात, 15 वायरलेस स्टेशन स्थापित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार सोमवार शाम 7 बजे दिल्ली के पुरोन रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलस्तर 205.59 दर्ज किय गया है। जो खतरे के निशान के जलस्तर 205.33 से ऊपर है। वहीं बाढ़ की आशंका के चलते दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यमुना नदी और उससे सटे क्षेत्रों का दौरा किया मुख्यमंत्री का दौरा असीता घाट से प्रारंभ होकर यमुना छठ घाट, डीएम ईस्ट कार्यालय, 12 नंबर रेगुलेटर और कंट्रोल रूम तक चला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा और ऊपरी यमुना क्षेत्र में भारी वर्षा को देखते हुए केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी की गई एडवाइज़री के तहत दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 206 मीटर तक पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना में इस समय एक लाख से अधिक क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन वह बिना अवरोध व उतनी ही गति से आगे भी बढ़ रहा है, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था, जिसके कारण जलभराव की स्थिति बनती थी। उन्होंने जानकारी दी कि हमारी सरकार ने इस बार यमुना के जलस्तर से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से मॉनिटरिंग की है। लगातार विभागीय टीमें पानी की स्थिति, छोड़े गए पानी के डिस्चार्ज और उसके बहाव पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त-सितंबर 2023 में दिल्ली ने एक अभूतपूर्व बाढ़ का सामना किया, जब यमुना का जलस्तर 208.6 मीटर तक पहुंच गया था और कई रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। तब नालों की डी-सिल्टिंग और बैराजों की व्यवस्थाएं ठीक नहीं थीं, यहां तक कि आईटीओ बैराज के गेट भी बंद और जाम पड़े थे। लेकिन इस बार पिछले छह महीनों से लगातार काम करके आईटीओ बैराज के सभी गेट पूरी तरह से खोल दिए गए हैं और नालों की डी-सिल्टिंग पूरी होने से उनकी क्षमता भी बढ़ गई है। सरकार ने हर स्तर पर पूरी तैयारी कर रखी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष मानसून से पहले ही तैयारी को एक्शन मोड में डाल दिया है। जलभराव वाले प्रमुख इलाकों की पहचान कर वहां नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही पीडब्लूडी , सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और एमसीडी जैसे विभागों ने नालों की सफाई का काम भी तेज़ कर दिया है। पंप हाउस की जांच हो चुकी है और मोबाइल पंप भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि थोड़ी बहुत समस्या आती भी है तो वह केवल फ्लड प्लेन क्षेत्रों तक ही सीमित रहेगी, क्योंकि वहां पानी आना स्वाभाविक है। ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रशासन ने पहले ही सचेत कर दिया है और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए आवश्यक इंतज़ाम कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि शहर में कहीं भी बाढ़ जैसी स्थिति पैदा नहीं होगी। सभी विभाग 24 घंटे सतर्क रहकर काम कर रहे हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## रोहिणी सेक्टर-25 में टूटी सड़कें बनी निवासियों के लिए मुसीबत

**गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी, ऐसे में कैसे निकलें बाहर**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मानसून के इस मौसम में जलभराव होने से जगह जगह सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और बच्चों, बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-25 की पॉकेट-1 कॉलोनी से सामने आया है। यहां के निवासी इस समय टूटी-फूटी सड़कों और गड्ढों से परेशान हैं। बरसात के मौसम ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। दिल्ली यूथ एसोसिएशन के महासचिव निशांत गुलाटी, अंकुश गुप्ता आदि ने सोमवार को बताया कि मुख्य मार्ग से लेकर गली-मोहल्लों तक सड़कें जर्जर हो चुकी हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे तालाब का रूप ले चुके हैं। इन गड्ढों और जलभराव के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सड़क पर फिसलने और गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों को हर रोज हादसे का डर सता रहा है।

### निवासियों में आक्रोश

निवासियों का कहना है कि कई बार दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। टूटी सड़कों ने न केवल सफाई और सुंदरता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है, बल्कि लोगों के जीवन को भी जोखिम में डाल दिया है।

### स्थानीय लोगों की मांग

निवासियों ने प्रशासन से तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने और सड़कों की मरम्मत करवाने की मांग की है। साथ ही, यह भी अपील की है कि भविष्य में ऐसी समस्याएं न हों, इसके लिए कॉलोनी की आंतरिक सड़कों को पक्का बनाया जाए।

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली में बाढ़ की स्थिति पर सरकार की कोई तैयारी नहीं : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राजधानी में बाढ़ की स्थिति अत्यंत गंभीर और भयावह हो सकती है। क्योंकि दिल्ली सरकार की बाढ़ से निपटने की अभी तक कोई तैयारी नहीं है। जबकि एक दो घंटे की बारिश में ही दिल्ली जलमग्न हो रही है। यादव ने कहा कि मानसून के कारण आज सोमवार को दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 205.33 पहुंच गया है। जबकि हरियाण स्थित हथिनीकुंड बैराज के सभी 18 गेट खोलने के बाद रात 12 बजे तक 1,78,996 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो 19 अगस्त की रात को दिल्ली पहुंच जाएगा। यादव ने कहा कि जाहिर है ऐसे में पहले से उफान पर यमुना नदी का जलस्तर 206 मीटर को पार कर सकता है।

### डीएमआरसी कर रहा है अपील, स्टेशनों को साफ रखने में करें मदद

**नई दिल्ली।** स्वच्छता अभियान के तहत दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) मेट्रो यात्रियों से ट्रेनों के अंदर बाहर, स्टेशनों से लेकर पूरी दिल्ली को साफ सुथरा रखने की लगातार अपील कर रहा है। डीएमआरसी अपने सोशल मंच एक्स व फेसबुक आदि के सहारे इन दिनों स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में नए नए स्लोगन का सहारा ले रहा है, नुक्कड़ नाटक आदि किए जा रहे है। जानकारी अनुसार डीएमआरसी ने एक अगस्त से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी, जिसमें डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार से लेकर अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जिसके बाद से रोजाना अभियान के तहत सफाई का कार्य चल रहा है। डीएमआरसी का कहना है कि स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं, हमारी जिम्मेदारी है, आइए, दिल्ली मेट्रो के साथ मिलकर स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना कदम बढ़ाएं।

### मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर किया उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का स्वागत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रहलाद जोशी, किरेन रिजिजू, राम मोहन नायडू, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद ताड़े और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल एवं एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर स्वागत की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि सार्वजनिक जीवन के विविध दायित्वों में राधाकृष्णन का समर्पण सदैव वंचित और उपेक्षित वर्गों के उत्थान हेतु रहा है। तमिलनाडु में उनके प्रेरणादायी जमीनी कार्य और महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में उनकी विकासोन्मुखी भूमिका ने समाज और राज्य दोनों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। संवैधानिक विषयों पर उनका गहन अनुभव उच्च सदन में न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करेगा बल्कि उन्हें नई गरिमा और दिशा भी देगा।

### स्कूलों की बेहतरी के लिए होगी चार हजार कर्मियों की भर्ती : योगेश वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में सफाई कर्मियों और चौकीदारों की कमी को देखते हुए आने वाले दिनों में करीब चार हजार कर्मियों की भर्ती होगी, इसके लिए फाइल चलाने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने सोमवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की गई बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही महीने के पहले शनिवार को पीटीएम होगी, उसी दिन सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बता दें कि निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में सोमवार को हुई बैठक में निगम स्कूलों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने की। इस दौरान अध्यक्ष योगेश वर्मा ने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि इन सभी कार्यों को शीघ्रता और प्राथमिकता से पूरा किया जाए। अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि निगम के प्राथमिक विद्यालय ही बच्चों की शिक्षा की नींव हैं। यदि इन्हें मजबूत किया गया तो भविष्य अपने आप उज्ज्वल होगा। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त पंकज अग्रवाल, शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी, संजय सिंह, सभी जोन के उप निदेशक, अतिरिक्त निदेशक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निगम अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश स्कूलों में पुस्तकें वितरित हो चुकी हैं और शेष की आपूर्ति तुरंत की जाएगी। इस बैठक के फैसलों से लाखों बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलने की उम्मीद है।

## इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन के फाइनल में चुनी गईं 40 टीमें, ग्रैंड फिनाले 22 को : सिरसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कई दिनों की सख्त स्क्रीनिंग, ब्रेनस्टॉर्मिंग और सॉल्यूशन प्रेजेंटेशन के बाद, 13 दिल्ली कॉलेजों की 40 टीमें दिल्ली सरकार के पहले इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए चुनी गई हैं। विजेता के चयन के लिए फाइनल मुकाबला 22 अगस्त को होगा। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। सिरसा ने कहा कि इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन के लिए मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स बताता है कि हमारे युवा न सिर्फ़ पॉलिसी मेकिंग में दिलचस्पी रखते हैं बल्कि असली बिजनेस सॉल्यूशन भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि फाइनलिस्ट टीमों ने अलग-अलग इंडस्ट्रियल चुनौतियों के लिए इनोवेटिव आइडिया तैयार किए हैं। कोई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मॉडल बना रहा है, तो कोई स्टार्टअप और आंत्रप्रेन्योर के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के नए सॉल्यूशन। कुछ टीमें इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी जैसे ऑटोमेशन और रोबोटिक्स पर काम कर रही हैं, जबकि कुछ एमएसएमई सेक्टर के लिए फाइनेंस और मार्केट एक्सेस जैसे मॉडल डेवलप कर रही हैं।

### दिल्ली की हवा हुई साफ, एक्यूआई 100 से नीचे हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** लगातार बादलों की मेहरबानी से राजधानी में बारिश देखने को मिल रही है। कभी झमाझम तो कभी हल्की बारिश के चलते दम घोटु कही जाने वाली दिल्ली इन दिनों साफ हवा में जी रही है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के अनुसार सोमवार को दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में कहीं भी 100 दर्ज नहीं हुआ। एक दो जगहों को छोड़कर दिल्ली का एक्यूआई 79 संतोषजनक रहा। केंद्रीय पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी)व डीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार चांदनी चौक 79 एक्यूआई, आईटीओ 83 एक्यू , मंदिर मार्ग 64 एक्यूआई, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम 52 एक्यूआई, लोधी रोड 61 एक्यूआई, पटपड़गंज 80 एक्यूआई, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 68 एक्यूआई, नॉर्थ कैंपस डीयूआई 66 एक्यूआई, अशोक विहार 68 एक्यूआई, पूसा 67 एक्यूआई, शादीपुर 100 एक्यूआई, सोनिया विहार 93 एक्यूआई, नेहरू नगर 71 एक्यूआई, वजीरपुर शालीमार बाग 114 एक्यूआई, इहबास दिलशाद गार्डन 73 एक्यूआई, आर के पुरम 76 एक्यूआई, बुराड़ी क्रॉसिंग झड़ौदा माजरा 64 एक्यूआई, पंजाबी बाग शिवाजी पार्क 95 एक्यूआई, सिरीफोर्ट 75 एक्यूआई, सीआरआरआई मथुरा रोड 78 एक्यूआई, जहांगीरपुरी 108 एक्यूआई और श्री अरबिंदो मार्ग 62 एक्यूआई दर्ज हुआ। पर्यावरण वैज्ञानिक एस के वैकेंटमणी का कहना है कि मानसून के दौरान उत्तरी भारत में आमतौर पर अच्छी बारिश होती है।

### नागरिकों ने ली स्वच्छता की शपथ

# ‘दिल्ली को कूड़े से आजादी’ के तहत एनडीएमसी ने किए कई आयोजन, लोगों की रही भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस से पहले शुरू किए गए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के प्रमुख अभियान, ‘दिल्ली को कूड़े से आज़ादी’ ने एनडीएमसी क्षेत्र में 15 अगस्त तक आयोजित 413 स्वच्छता कार्यक्रमों के साथ उल्लेखनीय गति पकड़ी है। एनडीएमसी प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सामूहिक नागरिक उत्तरदायित्व और स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन उपायों को प्रेरित करने के लिए एक जन आंदोलन के रूप में परिकल्पित इस अभियान ने स्कूलों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए), जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को एक स्वच्छ राजधानी के लिए एक साझा संकल्प के रूप में एक साथ लाया है। इस अभियान की शुरुआत शहीद भगत सिंह प्लेस में एक उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जहाँ एनडीएमसी अध्यक्ष ने स्वयं एनडीएमसी क्षेत्र में एक बड़े अभियान का नेतृत्व किया। तब से यह पहल कई आयामों में विस्तारित हो चुकी है - जिनमें 23 विभागों में कार्यालय और कार्यस्थल स्वच्छता अभियान से लेकर 138 संस्थानों में स्कूल-स्तरीय स्वच्छता गतिविधियाँ, 12 बाज़ारों में बाज़ार संघों द्वारा संचालित पहल, 15 झुग्गी-झोपड़ियों के क्लस्टर क्षेत्रों में श्रमदान और 62 बागवानी स्थलों पर वृक्षारोपण गतिविधियाँ शामिल है।



जनता का उत्साह ‘सेल्फी संग संकल्प’ अभियान को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया में परिलक्षित हुआ है, जिसमें 11 हजार से अधिक हस्ताक्षर और 13 हजार 800 से अधिक नागरिकों ने स्वच्छता शपथ ली।

### मलेरिया रोकथाम पर निगम डेंगू समिति की बैठक आज, 354 डेंगू के मामले किए गए दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मलेरिया, डेंगू व जल-जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में मलेरिया निरोधक उपाय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज मंगलवार दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली नगर निगम की मलेरिया निरोधक उपाय समिति की अध्यक्ष नीता बिष्ट करेंगी। जानकारी के अनुसार बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (जन-स्वास्थ्य), निगम स्वास्थ्य अधिकारी, सभी क्षेत्रीय उप स्वास्थ्य अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं, बता दें कि इस वर्ष अगस्त माह में सोमवार तक 354 डेंगू के मामले दर्ज किए जा चुके हैं। समिति की अध्यक्ष नीता बिष्ट ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से मच्छर-जनित व जल-जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति, प्रभावित क्षेत्रों में दवा छिड़काव और फॉगिंग की कार्ययोजना, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उपाय और स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में चर्चा की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### कुत्ते को बचाने के चक्कर में गई महिला दरोगा की जान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के कवि



नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में रविवार की देर रात ड्यूटी से लौट रही एक 25 वर्षीय महिला दरोगा की बुलट मोटरसाइकिल की कार कुत्ते से टकरा गई। जिससे मोटरसाइकिल नीचे गिर गई, तभी पीछे से आती एक कार ने मोटसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दरोगा के सिर में चोट लग गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला दरोगा की मौत हो गई। अगले साल उनकी शादी होने वाली थी।

### बजट का उपयोग पारदर्शिता के साथ करें पार्षद: सीईओ

**फरीदाबाद।** कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद शिखा ने सोमवार को



जिला परिषद फरीदाबाद के वार्ड पार्षदों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कार्यकारी अधिकारी शिखा ने वार्डों के लिए जारी विकास बजट आवंटन की जानकारी देते हुए जिला परिषद के सभी वार्ड पार्षदों को आवंटित किए गए बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ करते हुए अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करवाने के निर्देश दिए।

### विद्या ज्योति योजना: 168 छात्राओं को छात्रवृत्ति बांटी

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत केनरा बैंक



क्षेत्रीय कार्यालय नीलम-बाटा रोड़ स्थित परिसर में केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद में 168 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग की टॉपर छात्राओं को केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत छात्रवृत्ति वितरित की गई। टॉपर छात्राओं को बैंक द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गई। केनरा बैंक के मंडल महाप्रबंधक दीपक शुक्ला मंडल कार्यालय करनाल व सहायक महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय कमल कुमार ने जानकारी दी।

**जलस्तर बढ़ने से यमुना क्षेत्र में बसे डेढ़ दर्जन गांवों के प्रभावित होने की है संभावना**

# यमुना क्षेत्र में संभावित बाढ़ के खतरे के मद्देनजर 24 घंटे अलर्ट मोड पर फरीदाबाद जिला प्रशासन: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यमुना नदी के जलस्तर के बढ़ने की संभावना के मद्देनजर जिला प्रशासन 24 घंटे अलर्ट है और बाढ़ से बचाव के लिए एक्शन मोड में कार्य कर रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने और सभी आवश्यक तैयारियां और प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जलस्तर बढ़ने से यमुना क्षेत्र में बसे गांव मोहना, लतीपुर, मंझावली सहित लगभग डेढ़ दर्जन गांवों के अधिक प्रभावित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में पंचायत स्तर पर



एसडीएमए तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी सहित 24 घंटे अलर्ट मोड में काम करते हुए गांवों में मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने चौकीदारों को भी 24 घंटे अलर्ट रहते हुए पहरेदारी और मुनादी करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए जिन्हें बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने का पूर्व अनुभव हो ताकि स्थिति को जल्द से जल्द कंट्रोल किया जा सके और लोगों को बचाव व राहत पहुंचाई जा सके। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सोमवार रात्रि को ओखला बैराज से 60 हजार क्यूसेक व हथिनी कुंड बैराज से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना है, इससे यमुना निकट बसे निचले क्षेत्रों में पानी आने की संभावना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाएं और राहत व बचाव कार्यों के लिए पूरी तैयारी रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस बात पर विशेष फोकस करें कि बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर हम बाढ़ को नियंत्रित करने और राहत व बचाव करने में पूरी तरह सक्षम हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को बचाया जा सके।

### ग्रामीण समय रहते सुरक्षित जगहों पर लें पनाह : डीसी

डीसी विक्रम ने आह्वान किया कि यमुना नदी के किनारे बसे गांवों के नागरिकों को विशेषकर रात्रि के समय पूरी तरह सावधान और सतर्क रहना चाहिए। यमुना नदी के किनारे स्थित गांवों के ग्रामीण समय रहते जिला प्रशासन की ओर से चिन्हित की गई सुरक्षित जगहों पर पनाह ले लें और बाढ़ से बचाव के लिए चिन्हित जगहों पर ही रहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अधिक पानी या बाढ़ आने का इंतजार न करें बल्कि स्थिति के मद्देनजर जितनी जल्दी हो सके बाढ़ संभावित क्षेत्रों को पहले ही खाली कर सुरक्षित जगह पर आसरा ले लें। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत लोगों से अतिक्रमणों को छोडने का भी आह्वान किया है।

### आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे अलर्ट मोड पर

*डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें और बाढ़ से बचाव को लेकर सभी आवश्यक इंतजाम जैसे नाव, लाइफ जैकेट, रस्सी, सुनिश्यिचत करें। उन्होंने बताया कि बाढ़ की संभावना के मद्देनजर एसडीआरएफ, एनसीसी व वालंटियर्स को अलर्ट मोड पर रहने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांव बसंतपुर में एसडीआरएफ को तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी विषम परिस्थिति से निपटा जा सके।*

### आमजन अफवाहों से बचें, आधिकारिक सूचनाओं पर करें विश्वास

*जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ के मद्देनजर चेतावनी दी गई है कि संवेदनशील समय में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे केवल और केवल जिला प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं और तथ्यों पर ही विश्वास करें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सभी लोग जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए प्रशासन की ओर से जारी किए गए ।*

**भाजपा फरीदाबाद महानगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न**

# कार्यकर्ता संगठन के प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा व समर्पण भावना से करें साकार : पाल सिंह

*बैठक में जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का परम कर्तव्य है कि संगठन के प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से करें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा फरीदाबाद महानगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक प्याली चौक स्थित होटल शगुन गार्डन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद महानगर के जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की, जबकि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री व बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा, एनआईटी के विधायक सतीश फागना, महापौर प्रवीण जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गौड़, पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा, हुकमचंद भाटी सहित भाजपा फरीदाबाद महानगर के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह एवं जिला प्रभारी कमल यादव ने भारत माता और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके की। बैठक में जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का परम कर्तव्य है कि संगठन के प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से करें।

यही हमारी पहचान है और यही हमारी शक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और हर छोटा कार्यकर्ता भी इस संगठन की रीढ़ है। जिलाध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने बैठक में आए सभी शीर्ष भाजपा नेताओं को आश्वस्त करते हुए बताया कि पार्टी के सभी संगठनात्मक कार्यों को भाजपा फरीदाबाद महानगर के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूर्ण रहेंगे। बैठक में मुख्य वक्ताओं में सोहनपाल सिंह, अजय गौड़, कमल यादव, विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना, हुकम सिंह भाटी आदि ने अपने-अपने संबोधनों में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नायब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार पारदर्शी और जनसरोकार आधारित शासन दे रही है। प्रदेश के युवाओं को बिन पर्ची, बिन खर्ची नौकरी मिल रही हैं। जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के जन-जन को सशक्त किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही संगठन की असली ताकत है। मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी कार्यकर्ता अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर इसे साकार करने का कार्य करें।



### कार्यकर्ताओं को संगठन और अधिक मजबूत करने के दिशा निर्देश दिए

*जिला कार्यकारिणी की बैठक पांच सत्रों में चली, जिसमें विभिन्न पहलुओं और संगठनात्मक विषयों जैसे संगठन की कार्यशैली, बूथ समिति एवं बीएलए-2 का गठन, जिला कार्यसमिति की बैठक, मंडल कार्यसमिति की बैठक, बीएलए-2 सम्मेलन, जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों का प्रशिक्षण आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर प्रवीण जोशी, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, गोपाल शर्मा, बलदेव अलावलपुर, बिजेंद्र नेहरा, पूर्ण सिंह बघेल, रामेश्वर प्रजापति, आरएन सिंह, शेर सिंह भाटिया, ममता राघव, सुखबीर मलेरना, कार्तिक वशिष्ठ, भगवान सिंह, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कविन्द्र चौधरी, मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे।*

**उद्देश्य समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता**





# नुक्कड़ नाटक मंचन कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर 15 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस एक अलग तरीके से मनाया। स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि मलिक का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम शीर्षक से नुक्कड़ नाटक का स्कूल की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में उत्साहित छात्रों ने मंचन मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव शामिल हुए। उनका कहना है कि इस नाटक का उद्देश्य समाज में वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। संदेश यह दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम 2 पौधे अवश्य रोपित करे। एक अपने नाम और एक अपनी माँ के नाम। छात्रों ने भावपूर्ण अभिनय और सशक्त संवादों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि जैसे मां हमारे जीवन का सहारा होती है, वैसे ही पेड़ भी हमारे अस्तित्व और पर्यावरण की जीवनरेखा हैं। छात्र-छात्राएं पर्यावरणप्रेमी मौजूद रहे यह चेतावनी भी दी गई कि यदि मनुष्य ने प्रकृति का दोहन बंद नहीं किया तो प्रकृति स्वयं विनाश का मार्ग चुन लेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व पर्यावरणप्रेमी मौजूद रहे।

**सनरूफ से बाहर निकल किया डांस**

# एक्सप्रेस वे पर लग्जरी कारों से किया स्टंट, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर एक दर्जन लग्जरी कारों में सवार युवकों द्वारा बीच सड़क पर स्टंट करने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कार सवार युवकों ने सनरूफ से बाहर निकल कर पंजाबी और हरियाणवी गानों पर डांस किया। वहीं हाईवे पर गाड़ियों को डेंजर जोन में भी चलाकर अन्य वाहन चालकों को भी खतरे में डाला। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने



इन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन इन्होंने पुलिसकर्मियों को अश्लील इशारा किया और भाग निकले। इस दौरान पुलिसकर्मी उनका वीडियो बनाते रहे। युवकों ने स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यह घटना 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की है।

**राहगीरों को भोजन खिलाया और शर्बत पिलाया**

# हज़रत इमाम हुसैन की याद में लंगर व और शर्बत की सबील लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इंदिरापुरम रिलीजियस एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगल बाज़ार चौक पर हज़रत इमाम हुसैन अ.स. और शोहदाए करबला की याद में लंगर लगाया गया। इस दौरान शर्बत की सबील भी लगाई गईं। अक़ीदतमंदों की बड़ी तादाद सुबह से ही सबील पर मौजूद रही और राहगीरों, अज़ादारों व मुहल्ले के बच्चों को शर्बत पिलाया व खाना खिलाया।

कार्यक्रम के दौरान माहौल ग़मगीन था और हर ज़ुबान पर या हुसैन ,लब्बैक या हुसैन की सदाएं थीं। संस्था के अध्यक्ष डॉ एस के हुसैन ने कहा कि करबला का वाक़ेआ हमें इंसानियत, सब्र, सच्चाई और ज़ुल्म के सामने डट



जाने का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने प्यास की हालत में भी इंसाफ़ और हक़ के लिए अपनी और अपने अहल-ए-बैत की जान कुर्बान कर दी, ये शर्बत की सबील लगाना उसी याद को ताज़ा करने का एक तरीक़ा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे। कई नौजवान व बुजुर्ग ने अपने हाथों से गिलास भर-भर कर लोगों को शर्बत पिलाया। साथ ही भोजन भी कराया। इस अवसर पर हसन इस्फ़हानी, शाहिद रिजवी, रजी हसन,जाफर नकवी,मीसम अब्बास ,जाफर नकवी,असद अब्बास , मोहम्मद अली ,मोहम्मद सफदर, अली, जुल्फिकार, सय्यद अज़हर अली नकवी, फजले अली,दानिश,सैयद एजाज,ताबिश हैदर ,अब्बास, डॉ जौहर नकवी, डॉ वारिस,सज्जाद आबिद,अबूतुराब नकवी,कामरान नकवी ,नजर अब्बास,मोहम्मद तालिब,काजिम,इरफान काजमी,डॉ असग़र मेहदी नवेद ,काजिम अब्बास,अब्बास जैदी,इमरान हैदर,काजिम,रियाज आबिदी, इबाद आदि मौजूद रहे।

**महापौर ने की जल निगम व नगर निगम के अधिकारियों के साथ की बैठक**

# विजय नगर में गंगाजल की लाइन में देरी होने पर महापौर ने जताई जलनिगम अधिकारियों से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

महापौर सुनीता दयाल ने जल निगम एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमे जी एम जल के पी आनंद,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार,जल निगम अधिशासी अभियंता ब्रहमानंद जी,जल निगम अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप प्रमुखता से उपस्थित रहे।

महापौर ने सीवर कम्पनी के विषय पर जल निगम के अधिकारियों से वार्ता की क्योकि सीवर के कार्यो के लिए जल निगम नगर निगम से अधिक भूमिका निभाता है और सीवर के कार्यो को लेकर जल निगम मोनेटरिंग तक भी नही करता है जब सीवर कंपनी द्वारा कार्य किया जाता है और उनकी पत्रावली की जिम्मेदारी जल निगम की है तो उनके कार्यो में किस प्रकार की कमी की व मोनेटरिंग की जिम्मेदारी भी जल निगम की ही है जिसको जल निगम के अधिकारी नही निभा रहे है लापरवाही कर रहे हैं। जो शहर हित/निगम हित में ठीक नही है एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात जल निगम की



खामियां नगर निगम को भुगतनी पड़ती है आप क्षेत्र के अधिशासी अभियंता हैं और आप अपनी टीम के साथ यह कार्य को देखे अन्यथा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ऐसे ही पिछले वर्ष विजय नगर क्षेत्र के लिए महापौर द्वारा 10 एमएलडीपेयजल की लाईन का 17 करोड़ की लागत का कार्य पास किया था जिसको जल निगम के द्वारा किया जाना लेकिन कार्य बहुत लंबित हो गया जिसको लेकर महापौर ने जल निगम के अधिकारियों से नाराजगी जताई।

**जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि**

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों का अनुसरण करें युवा: अध्यक्ष कौशिक

**बलजीत ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस दृढ संकल्प के व्यक्ति थे और उन्होंने देश के युवाओं में अदम्य साहस भरने का काम किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय सेक्टर-9 में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस दृढ संकल्प के व्यक्ति थे और उन्होंने देश के युवाओं में अदम्य साहस भरने का काम किया।

उनका नारा था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और इस नारे से प्रभावित होकर हजारों युवा आजाद हिंद फौज का हिस्सा बने, जिसने अंग्रेजी हकूमत के दांत खट्टे कर दिए। उन्होंने कहा कि बेशक हमारा देश आजाद है, लेकिन आज भी कुछ असामाजिक ताकतें हमारे देश को धर्म, जाति के नाम पर



बांटने का प्रयास कर रही है, हम सभी को इन ताकतों से मिलकर लड़ना होगा और नेताजी के आदर्शों को अपनाना होगा, तभी हम उन्नति और समृद्ध भारत के सपने को साकार कर सकते है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिसा के कटक में हुआ था। वह स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी व सबसे बड़े नेता थे। देश की आजादी के आंदोलन के लिए उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी और आजादी की लड़ाई लड़ी थी। उनके द्वारा देश के प्रति दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और वह सदैव लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। कौशिक ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शो का अनुसरण करते हुए समाज व देशहित में कार्य करने का संकल्प ले। इस मौके पर चेयरमैन कांग्रेस विचार विभाग हरियाणा विनोद कौशिक, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के उपाध्यक्ष डा. सौरभ शर्मा, कांग्रेसी नेता अशोक रावल, बेदी प्रधान, संजय सोलंकी, दानिश अली, लक्ष्मण कुमार, अवध किशोर, मास्टर मनोहर लाल, जतिन कौशिक, सत्यनारायण, रामप्रवेश सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विजय नगर में हुआ रामलीला कमेटी का भूमि पूजन

**गाजियाबाद।** श्री विजय रामलीला कमेटी का भूमि पूजन विजय रामलीला कमेटी पुराना विजयनगर गाजियाबाद का भूमि पूजन विधि विधान से हवन पूजन कर किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष लेखराज माहौर ने बताया कि विजय रामलीला कमेटी 60 वर्ष पुरानी रामलीला हैं। रामलीला का मंचन हमारे पुराने अनुभवी कलाकार के द्वारा किया जाता है। रामलीला मंचन देखने के लिए दूर-दूर से राम भक्त आते हैं। दशहरे पर रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाता है। रामलीला कमेटी की विशेषता यह है कि इस रामलीला में सभी धर्म के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.PC. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नाजिम,** पुत्र जमील, निवासी वेगाबोंड, जाफराबाद, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 264/2017 धारा 392/411/34 भा.दं.सं. थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नाजिम** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नाजिम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.PC. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 264/2017 धारा 392/411/34 भा.दं.सं. थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नाजिम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.09.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री वैभव गर्ग,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी -11 (केंद्रीय),**
**कमरा नं. 138, प्रथम तल,**
**तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली।**

**DP/10966/N/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023/82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेमराज उर्फ चिन्टू, निवासी म.नं. 10613, गली नं0. 5, अन्धा मुगल, प्रताप नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 269/2020, भा.द.सं. की धारा 356/379/34, थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के तहत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेमराज उर्फ चिन्टू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेमराज उर्फ चिन्टू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 269/2020, भा.द.सं. की धारा 356/379/34, थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार उर्फ प्रेमराज उर्फ चिन्टू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, (केंद्रीय), कोर्ट**
**कमरा नं. 37, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/10924/N/2025**

## खबर संक्षेप

### आज राहुल गांधी के खिलाफ मामले की सुनवाई

वाराणसी। यहां एमपी/एमएलए कोर्ट में मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय के बारे में दिए गए बयान को लेकर सुनवाई होगी। 21 जुलाई को कोर्ट ने दायर निगरानी याचिका को स्वीकार किया था। अधिवक्ता विवेक शंकर तिवारी ने बताया कि निगरानी याचिका पर सुनवाई होगी, जिसमें तय होगा कि अभियोग पंजीकृत किया जाएगा या नहीं। कोर्ट ने पक्षकारों को सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।



### ओपी राजभर का कोर्ट में सरेंडर, 1 घंटे बाद जमानत

मऊ। यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री व सुभासपा के अध्यक्ष ओपी राजभर ने लोकसभा चुनाव से जुड़े केस में मऊ की अदालत में सरेंडर कर दिया। राजभर के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में केस दर्ज किया गया था। कई तारीखों पर पेश न होने के बाद उनके खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया था।



### बोगी में बंधा मिला पालतू कुत्ता, मालिक फरार

पटना। बिहार के रक्सौल स्टेशन पर हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। जब एक कुत्ते की वजह से ट्रेन आधे घंटे तक खड़ी रही। घटना समस्तीपुर जाने वाली ट्रेन संख्या 55578 की है। जब ट्रेन की एक बोगी में सीट से बंधा हुआ पालतू कुत्ता मिला। यात्री जब बोगी में चढ़ने लगे तो कुत्ता भौंकने लगा। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



## फिल्मी कलाकारों की रामलीला के लिए 22 अगस्त को होगा भूमि पूजन

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में फिल्मी कलाकारों की रामलीला सरयू तट पर स्थित रामकथा पार्क में होगी। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में 22 सितम्बर से दो अक्तूबर तक चलने वाली रामलीला के लिए भूमिपूजन 22 अगस्त को सुबह 9 बजे होगा।

महापौर महंत गिरीश पति तिवारी मुख्य अतिथि होंगे। इस बार रामलीला में परशुराम को रोल बालीवुड के महाभारत सीरियल में दुर्योधन बने चरित्र नायक पुनीत इस्सर निभाएंगे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक बाबी ने बताया कि रामलीला में श्रीराम का रोल फिल्मी कलाकार राहुल भूचर और प्रेम शर्मा कर रहे हैं। सीता का रोल अर्चना दिल्ली की कलाकार करेंगी। रावण का रोल मनीष शर्मा करेंगे। रामलीला के सजीव प्रसारण के दर्शकों की संख्या हो चुकी है 50 लाख के पार। बताया गया कि लीला का लाइव प्रसारण शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन और अयोध्या की रामलीला के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। कमेटी के महासचिव शुभम मलिक ने बताया कि इस बार दर्शकों की संख्या 60 लाख के पार जा सकती है।

## एसटीईटी से पहले टीआरई-4 परीक्षा कराने का विरोध कर रहे अभ्यर्थियों को बिहार पुलिस ने लाठियों से मारा



बिहार में एसटीईटी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पटना के डाकबंगला चौराहे पर छात्र प्रदर्शन कर रहे थे।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में एसटीईटी (शिक्षक पात्रता) परीक्षा की मांग करने वाले अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। अभ्यर्थी पटना कॉलेज कैंपस से मुख्यमंत्री आवास के घेराव के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। कैंडिडेट्स लगातार सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। जैसे ही उन्होंने पुलिस बैरिकेडिंग पार कर आगे बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने बलप्रयोग करके उन्हें रोक दिया। गौरतलब है कि अभ्यर्थी शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 से पहले शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी कराने की मांग कर रहे हैं। हाल ही में सीएम नीतीश कुमार ने एलान किया था कि एसटीईटी की परीक्षा अगले साल यानी 2026 में होगी। इससे पहले टीआरई-4 की परीक्षा इसी साल करा ली जाएगी। अभ्यर्थियों का कहना है कि एसटीईटी की परीक्षा पहले न होने से बहुत से अभ्यर्थी शिक्षक भर्ती परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे। ऐसे में एसटीईटी की परीक्षा को पहले कराया जाए।

### मुख्य सचिव ने झूठा आश्वासन देकर किया गुमराह

*इस मुद्दे पर बातचीत के लिए तीन छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को सीएम नीतीश कुमार से मिलने के लिए बुलाया गया है। एक अभ्यर्थी ने बताया कि अभ्यर्थी सिर्फ मौखिक आश्वासन से संतुष्ट नहीं होंगे। उन्हें अगर लिखित में वादा नहीं किया जाता है तो वह डाक बंगले पर अपना विरोध प्रदर्शन बंद नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य सचिव ने झूठा आश्वासन देकर उन्हें गुमराह किया है।*

## कांग्रेस नेता ने गाड़ी में खड़े होकर किया जनता का अभिवादन

**सुबह सूर्य मंदिर गए और गठबंधन के साथी नेताओं के साथ पूजा अर्चना की**

# राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में दूसरे दिन उमड़ी भीड़

*राहुल गांधी के साथ बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी, राजद सांसद अभय कुशवाहा और बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम सहित कई नेता चल रहे थे...*

एजेंसी ▶▶ पटना

इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दूसरे दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देखने और अभिवादन करने के लिए सड़क पर बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। आज सुबह 8.15 बजे औरंगाबाद के कुटुंबा प्रखंड में स्थित एक खेल मैदान से राहुल गांधी ने अपनी वोटर अधिकार यात्रा के दूसरे दिन का आगाज किया।

राहुल गांधी के साथ बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी, राजद सांसद अभय कुशवाहा और बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम सहित कई नेता चल रहे थे। इस यात्रा में राहुल गांधी एक खुली गाड़ी में खड़े हो कर सड़क के दोनों तरफ खड़ी जनता का अभिवादन कर रहे थे। उनके पीछे राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस के राजेश राम भी खुली जीप से लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के पहले दिन रविवार को करीब 60 किलोमीटर चलने के बाद औरंगाबाद के कुटुंबा में



राहुल गांधी ने गठबंधन के अन्य नेताओं के साथ विश्राम किया था। सोमवार सुबह यात्रा शुरू करने के बाद राहुल गांधी यहां के सूर्य मंदिर गए थे और गठबंधन के साथी नेताओं के साथ पूजा अर्चना की थी। गांधी वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में आज रफीगंज, गरारु, बागडीहा, गोह, अहियापुर होते हुए गयाजी जाएंगे और वहां एक जनसमूह को संबोधित कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में कथित गड़बड़ियों से जनता को वाकिफ कराएंगे।

### भाजपा से नाराज एक और पूर्व विधायक ने थाम ली लालू की लालटेन

पूर्णिया। आगामी बिहार चुनाव को लेकर नेताओं द्वारा पार्टियों को बदलने का क्रम जारी है। जिन नेताओं को जिस पार्टी का पलड़ा आगामी चुनाव में भारी लग रहा है, वह उस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। बिहार चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। बनमनखी विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक देवनारायण रजक ने अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बिहार इकाई के प्रधान महासचिव रणविजय साहू उन्हें सदस्यता दिलाई। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने पार्टी के सदस्यता रसीद के साथ उन सभी को पार्टी के प्रतीक-चिह्न का गमछा और लालू की जीवनी (गोपालगंज टू रायसीना) देकर सम्मानित किया। राजद में शामिल होने के बाद देवनारायण रजक अपने समर्थकों के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव से उसके आवास पर मुलाकात किया।

### तेजस्वी से मिले बोगो सिंह जेडीयू छोड़ आरजेडी में जाने की चर्चा



पटना। बेगूसराय की मटिहानी सीट से जेडीयू के पूर्व विधायक नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह के आरजेडी में शामिल होने की चर्चा तेज हो गई है। बोगों सिंह ने सोमवार को पटना में तेजस्वी यादव से मुलाकात की। इसके बाद से माना जा रहा है कि वो आरजेडी के टिकट पर मटिहानी से चुनाव लड़ सकते हैं। सोशल मीडिया पर मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए बोगो सिंह ने लिखा कि "बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी से सफलतापूर्वक भेंट करने का अवसर प्राप्त हुआ।

**केशव मौया से मिले ब्रजेश पाठक**

## ठाकुर विधायकों की बैठक के बीच योगी के दोनों उपमुख्यमंत्रियों की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में एक तरफ सत्तापक्ष के ठाकुर विधायकों ने दो दिनों तक बैठक पर सियासत गरमाई हुई है तो दूसरी तरफ सोमवार को सीएम योगी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मुलाकात हुई है। यह मुलाकात केशव प्रसाद मौर्य के लखनऊ स्थित आवास पर हुई। हालांकि दोनों डिप्टी सीएम ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया लेकिन राजनीतिक विश्लेषक ठाकुर विधायकों की कुटुंब बैठक के बाद यूपी की राजनीति में मची हलचल को लेकर बन रही स्थिति को इस मुलाकात का कारण बता रहे हैं। यूपी में वोटिंग का पैटर्न आज भी जाति की राजनीति ही रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी अखिलेश यादव की सपा ने पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक के नाम पर पिछले लोकसभा चुनाव में भारी जीत भी हासिल की थी। ऐसे में पहले ठाकुर विधायकों की बैठक होना और अब गैरठाकुर दोनों डिप्टी सीएम का इस तरह से मिलना कई अटकलों को जन्म दे रहा है।



### राजा भैया ही इस बैठक के असली कर्ताधर्ता

*ठाकुर विधायकों की बैठक कहने को तो रामवीर सिंह और जयवीर सिंह ने बुलाई थी लेकिन राजा भैया ही इस बैठक के असली कर्ताधर्ता बताए जाते हैं। इस बीच राजा भैया की योगी मंत्रिमंडल में एंट्री की भी अटकलें तेज हो चुकी हैं। ठाकुर विधायकों की बैठक में क्षत्रिय समाज की एकजुटता और भाजपा सरकार के साथ संगठन में स्थिति मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। ऐसे में भाजपा में हलचल मचनी तय थी। इसकी रिपोर्ट भी प्रदेश संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व को भेजी है।*

### मुलाकात के निकाले जा रहे राजनीतिक मायने

सपा पहले ही योगी सरकार पर ठाकुरवाद करने और ठाकुर अधिकारियों की तैनाती को लेकर आरोप लगाती रही है। सोमवार को इंडिया गठबंधन की दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भी सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने योगी सरकार पर ऐसा ही आरोप दोहराया है। ऐसे में गैरठाकुर दो डिप्टी सीएम की मुलाकात के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं।

## पेज एक का शेष....

### उपराष्ट्रपति चुनाव : विपक्षी ...

पर असहमति जताई है। दूसरी ओर, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन के समर्थन का ऐलान कर विपक्ष की चुनौती और कठिन कर दी है।

**एनडीए की स्थिति मजबूत:** संख्या के लिहाज से संसद के दोनों सदनों में एनडीए को करीब 422 सांसदों का समर्थन हासिल है, जबकि विपक्ष के पास इतना बहुमत नहीं है। ऐसे में उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए का पलड़ा भारी माना जा रहा है। यदि विपक्ष उम्मीदवार नहीं उतारता, तो राधाकृष्णन निर्विरोध चुने जा सकते हैं।

**विपक्ष का मकसद:** भले ही विपक्ष जीत की स्थिति में नहीं है, लेकिन विपक्षी दल चुनावी मुकाबले को सिर्फ संवैधानिक पद के लिए नामांकन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विचारधारा और राजनीतिक संदेश देने का मंच मान रहे हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह लड़ाई केवल वोटों की नहीं बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा की है । विपक्ष के अधिकांश दल इसे प्रतीकात्मक रूप से ही सही, एक अहम मौक़ा मानते हुए एनडीए को वॉकओवर देने के मूड में नहीं ।

### उपराष्ट्रपति चुनाव...

उम्मीद है कि सभी दल उन्हें समर्थन देंगे।'गौरतलब है कि महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के नाम की घोषणा उपराष्ट्रपति पद के लिए की थी। जगदीप धनखड़ के अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से ये पद खाली हुआ है। 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया था। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-...

के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने में मदद करेगी। ईश्वर करे कि वे उसी समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें जो उन्होंने हमेशा दिखाया है।

### भारत के लिए ...

नहीं। उन्होंने कहा, हमने भारत की रूस से जारी तेल की खरीद को लेकर उस पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। अगर चीजें ठीक नहीं हुईं तो प्रतिबंध या टैरिफ बढ़ाया जा सकता है। बेसेंट के इस बयान के बाद अगस्त के अंतिम सप्ताह में संभवतः नई दिल्ली में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर होने वाली बातचीत पर भी संशय के बादल मंडराने लगे हैं। भारत ने शुरुआत में ही अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ के निर्णय का विरोध करते हुए उसे अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया था। साथ ही अमेरिका के रूस के साथ जारी व्यापार के तथ्य को भी उसके सामने रखा था।

### ट्रंप जेलेंस्की मुलाकात-...

हैं। ट्रंप ने इस दौरान ये भी कहा कि यूरोप के लोग शांति चाहते हैं। अगर हत्याएं रुक जाएं तो सीजफायर करना ठीक रहेगा। जंग समय आने पर खत्म होगी। त्रिपक्षीय बैठक में जंग खत्म होने की बेहतर संभावना है। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति का व्हाइट हाउस में ट्रंप ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में फ्रांस, इटली, ब्रिटेन समेत कुछ अन्य यूरोपीय देशों के नेता भी इस बैठक में मौजूद रहे। ट्रंप से मुलाकात से पहले जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हम सभी इस जंग को जल्द से जल्द और विश्वसनीय रूप से खत्म करने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि 'काफी मदद' मिलेगी और अमेरिका इसमें शामिल होगा। उन्होंने यूक्रेन को यूरोप की रक्षा की पहली पंक्ति बताया। यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप ने कहा कि लोग मारे जा रहे हैं और हम इसे रोकना चाहते हैं। मैं राष्ट्रपति जेलेंस्की को जानता हूं, मैं खुद को जानता हूं, और मेरा मानना है कि व्लादिमीर पुतिन इसे समाप्त होते देखना चाहते हैं। हम यूक्रेन के साथ काम करने जा रहे हैं, हम सभी के साथ काम करने जा रहे हैं, और हम यह सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि शांति स्थापित होती है, तो लंबे समय तक बनी रहे। हम दो साल की शांति के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मैं इस बैठक के बाद पुतिन को फ़ोन करूंगा। हो सकता है कि हमारे बीच त्रिपक्षीय वार्ता हो या न हो और फिर लड़ाई जारी रहे। मुझे लगता है कि हमारे पास इसे (जंग) खत्म करने का अच्छा मौका है। इस बैठक के खत्म होने के बाद वह मेरे फ़ोन का इंतज़ार कर रहे हैं।

**अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के मुद्दे पर ट्रंप बाद में करेंगे चर्चा:** यह पूछे जाने पर कि क्या यूक्रेन के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी में अमेरिकी सैनिकों को शामिल किया जा सकता है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस पर बाद में चर्चा की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि वह सात देशों के नेताओं से मिल रहे हैं और व्यापक भागीदारी से काफी मदद मिलेगी।

**सब कुछ ठीक रहा तो हम त्रिपक्षीय बैठक करेंगे- ट्रंप:** रूस-यूक्रेन के बीच युद्धविराम के मुद्दे को लेकर अपनी बैठक से पहले जेलेंस्की और ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिरकत की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा मैं यह नहीं कहूंगा कि यह रास्ते का अंत है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो हम त्रिपक्षीय (रूस, यूक्रेन, अमेरिका) बैठक करेंगे। मुझे लगता है कि प्रगति हो रही है। जेलेंस्की ने ट्रंप के प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद जताया।

### लोकसभाः सदन ने अंतरिक्ष...

से मुक्ति दिलाने तथा इसे तर्कसंगत बनाने के कुछ अधिनियमों में संशोधन करना है। बाद में इस विधेयक को आगे की जांच के लिए सदन की प्रवर समिति को भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। समिति अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट देगी। इस दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 में और संशोधन करेगा। ये विधेयक बिहार में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के मुद्दे पर विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों के शोरगुल के बीच पेश किए गए।

### 'ऑनलाइन गेमिंग'...

2023 से ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसीनो पर एक समान 28% टैक्स लगाने के निर्णय के बाद जीएसटी रेवन्यू में तेजी से ग्रोथ हुई। पिछले सितंबर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि ऑनलाइन गेमिंग से रेवन्यू 412% बढ़कर सिर्फ 6 महीनों में 6,909 करोड़ रु. तक पहुंच गया, जबकि ऑनलाइन गेमिंग पर नोटिफिकेशन जारी होने से पहले यह 1,349 करोड़ रु. था। कैसीनो के लिए, उन्होंने कहा था कि रेवन्यू में 30% की ग्रोथ हुई है, जो निर्णय से पहले 6 महीनों में 164.6 करोड़ से बढ़कर इस कदम के बाद इसी अवधि में 214 करोड़ रु. हो गया।

### अगर ट्रैफिक जाम...

है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजनारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है तो उनसे टोल वसूलने का क्या औचित्य है? जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

### ग्रुप कैप्टन शुभांशु ....

ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ हुई इस मुलाकात का उल्लेख करते हुए कहा, 'शुभांशु शुक्ला के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान-प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के साथ ही कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है'।

चर्चा को आगे बढ़ाने से जाएगा अच्छा संदेशः उधर, लोकसभा में भारत के इस सफल अंतरिक्ष मिशन के मुद्दे पर हुई विशेष चर्चा को आगे न बढ़ने देने से नाराज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अपने सफल मिशन के बाद स्वदेश वापस लौटे हैं। इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा में सबकी भागीदारी होनी चाहिए। जिससे देश के सामने एक अच्छा संदेश जाएगा। लेकिन बिरला की नसीहत का विपक्ष पर कोई खास असर नहीं हुआ और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल एसआईआर के मुद्दे पर अध्यक्ष के आसन के समीप आकर सरकार के खिलाफ हंगामा करते रहे। जिसकी वजह से यह चर्चा आगे नहीं बढ़ सकी।

जितेंद्र सिंह ने की विपक्ष की आलोचनाः केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में विपक्ष को घेरते हुए कहा कि जब देश एक सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा है तो विपक्ष अपने हंगामे की वजह से वैज्ञानिकों को बधाई देने में असफल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला भारतीय वायुसेना के एक अनुशासित सिपाही हैं। विपक्ष की नाराजगी सरकार (भाजपा) से हो सकती है। लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आप शुभांशु शुक्ला से भी नाराज हैं। सदन में धरती, आकाश की नहीं बल्कि अंतरिक्ष पर चर्चा हो रही है। ऐसे में विपक्ष का भाग न लेना समझ से परे है। सिंह ने विपक्ष से इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। इसके अलावा उन्होंने ग्रुप कैप्टन की इस मिशन से जुड़ी हुई तमाम प्रक्रिया जैसे उनके प्रशिक्षण, लागत और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की भावी महत्वाकांक्षी योजना के बारे में भी जानकारी दी।

### जनसंवाद और ग्रामीण...

गुरारू, गया की ओर चली।

- मध्याह्न में लंच ब्रेक गया में हुआ, जहां यात्रा स्थगित कर कुछ समय के लिए विश्राम लिया गया।
- शाम 4 बजे से यात्रा फिर से शुरू हुई और गुरारू बगडीहा मोड़, दाउदनगर-गया मार्ग, पंचानपुर होते हुए गया टाउन पहुँच गई। यहां शाम 6:30 बजे एक जनसभा आयोजित की गई।
- रात विश्राम रसलपुर क्रिकेट ग्राउंड में निर्धारित रही ।

**राजनीतिक स्वर : "वोट चोरी नहीं होने देंगे"**

- यात्रा मार्ग में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर तीखे आरोप लगाए, साथ ही कहा कि वे "चुनाव चोरी नहीं होने देंगे" और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खड़े हैं।
- यात्रा का उद्देश्य सिर्फ चुनावी रैली नहीं है, बल्कि मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने का अभियान है – खासकर उन नामों को सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में।

**पिता ने बताई आपबीती**

## टोलकर्मी ने कपिल से पूछा- तू कहीं का जज है? उठाकर फेंक दी सेना की आईडी

एजेंसी ▶▶ मेरठ

सरूरपुर के भूनी टोल पर हुई सेना के जवान कपिल के साथ मारपीट की पूरी आपबीती उनके पिता कृष्णपाल ने बताया कि जब कपिल को फ्लाइट के लिए छोड़ने जा रहे थे, तो वो भी उसके साथ थे। उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित पिता ने बताया कि कपिल के पैरों में ज़्यादा गहरी चोटे हैं, उसे मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

कृष्णपाल ने बताया कि वे भी कपिल और शिवम के साथ थे। टोल प्लाजा वालों से कपिल ने कहा कि मेरी फ्लाइट है, मुझे जल्दी निकाल दो। इस पर टोल कर्मियों ने कहा कि तू कहीं है जज है क्या। इसके बद कपिल ने सेना का कार्ड दिखाया तो



उसे फेंक दिया। इसके बाद कहासुनी हो गई। दो युवकों ने कपिल के हाथ पकड़े और आठ-दस लोगों ने उसे रॉड, डंडों और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। कृष्णपाल ने बताया कि उन्हें भी आरोपियों ने नहीं बख्शा, उन्हें और शिवम को भी पीटा। बताया कि इस टोल प्लाजा पर आएदिन गुंडागर्दी होती है, लोगों को पीटा जाता है। इन लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### टोल प्लाजा पर सैनिक की पिटाई पर भड़के संगीत सोम

उधर सरधना के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम भी टोल प्लाजा पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। साथ ही पुलिस अफसरों भी भड़क उठे।संगीत सोम ने चेतावनी दी कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाता, तब तक टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

## बिहार के 11 आईएएस का ट्रांसफर, 7 अनुमंडल में नए एसडीओ, 4 विशेष कार्य पदाधिकारी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार सरकार ने 11 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें 7 अधिकारियों को अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है जबकि 4 अधिकारियों को विभिन्न विभागों में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी 2020 और 2023 बैच के हैं।

सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार गरिमा लोहिया को पालीगंज का नया अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। पूर्णिया के उप विकास आयुक्त चंद्रिमा अत्री को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में ओएसडी के पद पर पदस्थापित किया





गया है। तुषार कुमार को मुजफ्फरपुर पूर्वी के अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। अनिरुद्ध पांडेय को मोहनिया का एसडीओ, कृतिका मिश्रा को पकड़ी दयाल पूर्वी चंपारण का एसडीओ, आकांक्षा आनंद को कटिहार के बारसोई अनुमंडल का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### नेहा कुमारी को स्वास्थ्य विभाग में विशेष कार्य पद

प्रद्युम्न सिंह यादव को खगड़िया के गोगरी का अनुमंडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। अंजली शर्मा को समाज कल्याण विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है। रोहित कर्दम को शेखपुरा का अनुमंडल पदाधिकारी, शिप्रा विजय कुमार चौधरी को शिक्षा विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है। नेहा कुमारी को स्वास्थ्य विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**2006 में भी हुई थी इस क्षेत्र में भू-धंसाव की घटना**

# धनबाद में कोल फिल्ड बीसीसीएल एरिया में दरकी जमीन, मकान ध्वस्त, कई घरों में दरारें

एजेंसी ▶▶ धनबाद

यहां कोल फिल्ड एरिया में एक बड़ा हादसा सामने आया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) क्षेत्र में सोमवार को जमीन धंसने की घटना के बाद एक मकान जमींदोज हो गया जबकि एक दर्जन अन्य घरों में दरारें आ गईं।

यह घटना सोमवार तड़के जोगता थाना क्षेत्र में हुई। प्रभावित परिवार को दूसरी जगह ले जाया गया है।



फाइल फोटो

### सुबह 3 से 4 बजे के बीच हुई घटना

कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को तड़के जोगता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र में न्यू श्याम बाजार के पास शबरी बस्ती में हुई। धंसाव यानी जमीन दरकने की घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई। इस वजह से एक आवासीय संरचना पूरी तरह ध्वस्त हो गई जबकि लगभग एक दर्जन अन्य घरों में दरारें पड़ गईं।

### विस्थापित सभी परिवारों को तेतुलमारी क्षेत्र में पुनर्वासित किया जाएगा

*परियोजना अधिकारी गोपालजी ने बताया कि प्रभावितों को अस्थाई रूप से मोदीडीह सामुदायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। विस्थापित परिवारों को तेतुलमारी क्षेत्र में पुनर्वासित किया जाएगा। घटनास्थल का दौरा करने वाले बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि उन्होंने बीसीसीएल अधिकारियों से मुआवजे के भुगतान में तेजी लाने और पुनर्वास की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वह निवासियों को बार-बार होने वाले भूमि धंसाव के खतरे से बचाने के लिए दीर्घकालिक उपाय करे। निवासियों ने बताया कि उन्हें 1976-77 में अग्नि प्रभावित क्षेत्र से शबरी बस्ती में स्थानांतरित किया गया था। 2006 में भी इस क्षेत्र में भू-धंसाव की घटना हुई थी। तब तत्कालीन स्थानीय विधायक और मंत्री जलेश्वर महतो ने भूमिगत गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए भू-धंसाव वाले गड्ढों को भरने का आदेश दिया था।*

हरिभूमि

# सहेली



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

## अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-



### कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

### सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

### समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

### रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

### अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

## एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

### सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

## अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

डेकोरेशन
राना हक



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।

## यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

## रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा, डाइटीशियन

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।



**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# अग्रोहा को मिलेगी नई पहचान बनेगा अत्याधुनिक संग्रहालय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अग्रोहा को विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के लिए इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल और सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र के रूप विकसित किया जा रहा है। इसके तहत अग्रोहा में अत्याधुनिक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जहां खुदाई से प्राप्त पुरावशेषों को संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा। यह संग्रहालय आगंतुकों को क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें एक ज्ञानवर्धक और आकर्षक अनुभव भी प्रदान करेगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई बैठक में अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के विकास की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्रोहा, महाराजा अग्रसेन की राजधानी होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण पुरातात्विक और सांस्कृतिक स्थल है। इसके विकास से यह न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में भी उभरेगा।



### मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हिसार-अग्रोहा मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा एक समग्र मास्टर प्लान तैयार किया जाए, जिसमें अग्रोहा को एकीकृत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की विस्तृत रणनीति शामिल हो। साथ ही, अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के आसपास स्थित टीलों की जियो टैगिंग कर उस क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए, ताकि इन टीलों को किसी भी प्रकार की क्षति से बचाया जा सके। बैठक में जानकारी दी गई कि अग्रोहा में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से खुदाई का कार्य किया जा रहा है। खुदाई से पूर्व संभावित क्षेत्रों की ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण कराया गया, जिसके आधार पर उत्खनन आरंभ किया गया। अब तक खुदाई से प्राप्त अवशेषों से यह पता लगता है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत के ऐतिहासिक परिदृश्य को एक नई पहचान देगा। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, असीम गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने रतलाम के कुंडाल गांव में 246 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

दुग्ध उत्पादन के जरिए बढ़ेगी पशुपालकों की आय

# मध्य प्रदेश बनेगा मिल्क कैपिटल गाय का दूध भी खरीदेगी सरकार



1 किसान खेती के साथ पशुपालन कर बढ़ाए अपनी आमदनी, दुग्ध उत्पादन को राज्य सरकार दे रही है बढ़ावा

2 मोरकुंडवा सिंचाई योजना भी की मंजूर रतलाम से खाचरोद तक परीक्षण कर बनाई जाएगी फोर लेन रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आज प्रदेश का हर कोना विकास कार्यों से सज-संवर रहा है। प्रदेश के किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम वर्ष 2028 तक मप्र को मिल्क कैपिटल बनाएंगे। सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। गाय के दूध की खरीदी की कीमत भी ज्यादा देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुंडाल गांव में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर करीब 246 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न 57 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 158.64 करोड़ के 37 कार्यों का लोकार्पण और 87.27 करोड़ लागत के कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

### 10 लाख रुपए प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए हमने तय किया कि 25 गाय और 42 लाख रुपए तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे। सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपए प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रूप में माफ करेगी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के धार्मिक स्थल कोटेश्वर एवं विरुपाक्ष महादेव में विकास कराने की बात कही।



### सीएम डॉ. यादव ने कहा, हमारी सरकार बहुत सारी सौगातें लेकर आई है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए हमारी सरकार बहुत सारी सौगातें लेकर आई है। पार्वती-काली सिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना से हम रतलाम जिले के एक-एक गांव और खेत तक पानी पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को सोलर पॉवर पंप देंगे। इससे किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए खुद बिजली पैदा करेंगे। सोलर पंप के जरिए हम किसानों को बिजली बिल से हमेशा के लिए मुक्ति दिला देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गरीब से गरीब व्यक्ति को बड़े शहर में इलाज के लिए ले जाने के लिए हमारी सरकार एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर सेवा मुफ्त में उपलब्ध करा रही है।

### 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार अगले 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेगी। अगले तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त पद भर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको पक्का मकान बनाकर देंगे। कोई भी पक्के मकान से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम को रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान एवं रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामोर ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री का जनजातीय परंपरा की पहचान पगड़ी, बंडी, चांदी का कड़ा पहनाकर और तीर-कमान देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम बहुत जल्द 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा योजना' के जरिए प्रदेश में फिर से सार्वजनिक बस परिवहन सेवा शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत भी मालवा अंचल से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जावरा से उज्जैन तक बेहतरीन ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'एक तरफ तमाम-एक तरफ रतलाम' यही इस जिलेवासियों की पुरानी पहचान है। यहां के सोने आभूषण, नमकीन और तेल वाली कचौड़ी ने रतलाम को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द रतलाम के समीप धार जिले में बदनावर के निकट पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होने वाला है। इस पार्क से करीब एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

अमलेश्वर थाना क्षेत्र का मामला, ड्राइवर सुरक्षित

# नशे में था ड्राइवर, खारुन नदी में गिरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। रायपुर और दुर्ग शहर को जोड़ने वाली खारुन नदी में एक तेज रफ्तार हाइवा गिर गया। नदी में उतरते ही गाड़ी का ड्राइवर कूद गया। मौके पर मोजूद लोगों ने उसका रेस्क्यू कर उसे बचा लिया। हालांकि ट्रक का ज्यादातर हिस्सा पानी में समा गया।

ट्रक के गिरने से मौके पर हड़कंप मच गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मामला अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, घटना करीब 11:30 बजे की है। तेज रफ्तार हाइवा दुर्ग से रायपुर की ओर आ रहा था। महादेव घाट ब्रिज के पास गाड़ी अनियंत्रित हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ड्राइवर ने नदी के किनारे घाट की सीढ़ियों की तरफ गाड़ी मोड़ दिया। जिससे गाड़ी सीधे नदी में उतर गई। नदी में डूबते ही ड्राइवर तैर कर बाहर आ गया। हादसे की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई है। नदी में डूबे हुए ट्रक को देखने के लिए घाट के किनारे एकत्रित हो गए हैं। हालांकि नदी का जलस्तर ज्यादा होने के कारण पुलिस ने लोगों को घाट से दूर रहने की अपील की है। फिलहाल ट्रक को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में अमलेश्वर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### पान ठेले को भी मारी जोरदार टक्कर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दौरान हाइवा ने घाट के पास स्थित एक पान ठेले को भी जोरदार टक्कर मारी। इस दौरान वहां मौजूद लोग समय रहते हट गए और सुरक्षित बच गए। वहीं ड्राइवर ने भी किसी तरह अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि जिस समय हादसा हुआ उस समय ट्रक चालक शराब के नशे में था। जिस कारण से उसने ट्रक से अपना नियंत्रण खो दिया। स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद भारी वाहनों को कंट्रोल करने की मांग की है। फिलहाल ट्रक को क्रेन की मदद से बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है।

### नियुक्ति पत्र के साथ राष्ट्रीय ध्वज देकर किया सम्मानित

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुंढीर ने माता मंदिर स्थित प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रणव खरे ने जिला भोपाल शाखा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुंढीर द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर उन्हें राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर सम्मानित किया गया।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77259041 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट ऑफ प्री–स्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर (प्रे–टेन्सिओनेड टाइप) फॉर थिक वेब स्विच | 27335 नग | 10-09-25 |
| 02 | 07255039 | रेट्रो फिटमेंट ऑफ सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ आटोमेटिक स्विंग (स्वीवेल्लिंग) टाइप डोर | 20 नग | 11-09-25 |
| 03 | 19250742 | फायर डिटेक्शन एकुप्मेंट अलोंग विथ कनेक्टर | 36 नग | 12-09-25 |
| 04 | 09252386 | ऑटोमैटिक ट्विस्ट लॉक | 1385 नग | 14-10-25 |
| 06 | 09252384 | लोड सेनसिंग वाल्व टाइप–बी टी ए फॉर बी ल सि वैगन | 7509 नग | 24-09-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 40/2025–2026 दिनांक:–18.08.2025 2522/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद मंडी डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में वार्ड 15 से वार्ड 18 तक गली की मरम्मत और रखरखाव (1 वर्ष के लिए) गली की मरम्मत और रखरखाव + 6 कार्य। | 12.08.2025 03.09.2025 | रु. 2,35,49,335/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37778/I/88/7 दि. 18.08.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | एम.सी. झज्जर के अधिकार-क्षेत्र में रोड पर और पार्कों में विभिन्न आकांक्षी शौचालय का निर्माण + 2 कार्य। | 12.08.2025 26.08.2025 | रु. 1,08,59,788/- | [illegible] | 8708374707 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37782/I/88/7 दि. 18.08.25


### मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन टीम और मास्टर ट्रेनर्स का आगाज़



**नई दिल्ली।** गुरुग्राम जिले के चारों ब्लॉक में अध्यापकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन टीम और मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया गया आगाजकार्यक्रम की शुरूआत एसीपी दिनेश गुलिया सर द्वारा रिबन कटिंग करके किया गया। एसीपी सर ने सरस्वती माता के सामने दीपक जलाकर किया तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया।इस प्रशिक्षण में हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन कि ओर से आदरणीय दीपक जी ने सभी अध्यापकों और एसीपी दिनेश गुलिया सर को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।ये प्रशिक्षण गुरुग्राम के चारों ब्लॉक सोहना , फारूकनगर, पाटोदी और गुरुग्राम के 577 प्रतिभागी भाग लेगें। ये प्रशिक्षण 18 अगस्त से 30 अगस्त तक तीन ,तीन दिनों के बैंच में रहेगा जिस दौरान गुरुग्राम के 183 स्कूलों को शामिल किया गया है। यह कार्यक्रम पिछले दो साल से पंचकूला, यमुनानगर और गुरुग्राम के सरकारी स्कूलों में जीवन कौशल की शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए एक पायलेट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था । इस प्रोजेक्ट के तहत बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल के सिद्धांतों से रूबरू करवाया गया। पहले चरण में गुरुग्राम, पंचकूला और यमुनानगर के सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया गये है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया 'प्रदीप सरदाना की पत्रकारिता में अर्ध शताब्दी' स्मारिका का अवलोकन



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ लेखक, पत्रकार, कवि और कला एवं फिल्म समीक्षक प्रदीप सरदाना ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भेंट कर, उन्हें अपनी पत्रकारिता में स्वर्ण जयंती की स्मारिका भेंट की। इस मौके पर प्रदीप सरदाना की पत्नी संगीता सरदाना, पुत्री स्तुति सरदाना और पुत्र कृतार्थ सरदाना भी मौजूद थे। स्मारिका का अवलोकन करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने प्रदीप सरदाना की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दीं। 'प्रदीप सरदाना की पत्रकारिता में अर्ध शताब्दी' स्मारिका में प्रदीप सरदाना की 50 वर्षों की स्वर्णिम पत्रकारिता यात्रा को लेकर चित्रमय झांकी तो है ही। साथ ही उनके जीवन और उनकी लेखन-पत्रकारिता की यात्रा पर विशिष्ट व्यक्तियों के कुछ लेख भी हैं।

# युवाओं के लिए पीएम ने दिखाई नई राह



*नई दिल्ली। गर्वित सिंह भारत आज अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित किया. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में पाकिस्तान, 'ऑपरेशन सिंदूर', स्पेस स्टेशन, आत्मनिर्भर भारत जैसी कई मुख्य बातें की. इसे लेकर मॉडल टाउन विधानसभा से भाजपा सदस्यों कुंवर गर्वित सिंह ने पीएम की जमकर तारीफ की, उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर होने का मूल मंत्र दिया है, जो बताता है कि किसी पर निर्भर मत रहो, यहां हम युवाओं के लिए किसी मंत्र से कम नहीं। उन्होंने पीएम के संबोधन में स्ट्रांग इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, भारत की सुरक्षा, किसान उत्थान, रोजगार और घुसबैठ को राष्ट्रहित में बताया। आपको यह भी बताना जरूरी है कि गर्वित सिंह का परिवार पूर्व कांग्रेसी रहा है। परिवार से हटकर इस युवा सदस्य ने पीएम से प्रभावित होकर बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा का दामन थाम लिया था।*

# ट्रेन में युवक के साथ हैवानियत, इंसाफ की गुहार

**गाजियाबाद।** बहराइच के गांव बिलहरी का रहने वाला शोएब नाम का युवक मुंबई से निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था। गलती से उसने गलत ट्रेन पकड़ ली और गुजरात जाने वाली ट्रेन में चढ़ गया। सफर के दौरान शोएब के साथ सूरत में दहला देने वाली हैवानियत की गई।

इसके साथ कुछ लोगों ने सूरत में बहुत भयानक घटना को अंजाम दिया। वे लोग सूरत में ही ट्रेन पर चढ़े थे और उसकी दाढ़ी व टोपी को देखते ही उसे मारने लगे। उसे इतना मारा कि उसकी दो उंगली काट दी, पेट के अंदर तक उसके गुप्तांग में बाथरूम की शॉवर पाइप डाल दी। जिस कारण उसका बहुत खून बहा। कुछ लोगों ने घायल व लहूलुहान शोएब की मदद की, उसको दिल्ली की ट्रेन में बैठा दिया। मरणासन्न हालत में दर्द से कराहते व बेहोशी की स्थिति में वह उस ट्रेन से ही गाजियाबाद पहुंचा। उसके शुभचिंतकों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। शोएब बहुत गरीब है, वह घर में इकलौता कमाने वाला सदस्य है। इसका ऑपरेशन कर गुप्तांग से शॉवर रॉड निकाली गई। यहां तक की डॉक्टर ने इसके इलाज को भी मना कर दिया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद इसको एडमिट किया गया। इसके बाद डॉक्टर अभी भी किसी से मिलने नहीं दे रहा है। गाजियाबाद के कौशांबी यशोदा हॉस्पिटल में एडमिट है। अभी लड़का वेंटिलेटर पर है। इसके गरीब मां-बाप लगातार इंसाफ और मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। परिवार की अपील है कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर उचित जांच करे और विशेष संगठन से संबंद्ध हैवानियत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहारू जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा | बाढ़ में उपयोग किए जाने वाले 8" डाया (200 मिमी) के एचडीपी पाइप्स के दोनों छोर / साइड पर सामग्री सहित कपलर और टेल की आपूर्ति व फिटिंग। | बंद होने की तिथि 21.08.2025 | 0.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज भिवानी | गांव सिंधानी, ब्लॉक लोहारू में शहीद स्मारक का निर्माण, सी.एम. कोड 27121 जिला भिवानी। | 12.08.2025 05.09.2025 | 207.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 19 में 4 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) गांव सलेमगढ़ रोड आरडी 0.00 से 1.500 (रोड आईडी 4926) में फिरनी रोड से उत्तर दक्षिण साइड, (II) सलेमगढ़ से किरतान तक रोड आरडी 0.00 से 5.700 (रोड आईडी 4927) (III) हिसार घुरसाल से ढाणी पीरांवाली रोड आरडी 0.000 से 0.920 (रोड आईडी 4836) (IV) हरिजन चौपाल नेवली कलां रोड आरडी 0.00 से 0.540 (रोड आईडी 5009) + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.08.2025 | 17,60,22,352/- | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 4 | वन विभाग फरीदाबाद | पाली गांव फरीदाबाद में सी.एम. घोषणा नं. 18069 के सम्बन्ध में। | 12.08.2025 21.08.2025 | 1,66,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfofbd2@gmail.com |
| 5 | लोनिवि (भ व प) सोनीपत | सोनीपत जिले में (रोड आईडी 6064, 11627) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) कि.मी. 0 से 7.35 में रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा शहजादपुर से भिगान वाया कामी तक रोड का सुधार + 1 कार्य। | 14.08.2025 23.08.2025 | 9,96,49,398/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 6 | बागवानी | वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में सीओई, पिनांगवान (नूह) में "नये एल्यूमीनेट नेट, ग्रीन शेड नेट, पॉली नेट हाउस और संरक्षित संरचना में अन्य नई मदों की मरम्मत और स्थापना।" हेतु ई-निविदा (गुड्स एवं सर्विसेज) की सार्वजनिक सूचना के सम्बन्ध में। | 19.08.2025 10.09.2025 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 7 | बागवानी | वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में सीओई, पिनांगवान (नूह) में "मिनी स्प्रिंकलर और ड्रिप इरीगेशन सिस्टम" की आपूर्ति व स्थापना। | 19.08.2025 10.09.2025 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 8 | लोनिवि (भ व प) करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 2 अदद रोड के सुधार का कार्य (1) लम्बाई 2.583 कि.मी. में रंदोली ऐप रोड (आईडी 7182) पर सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट सहित मजबूतीकरण (2) लम्बाई 6.400 कि.मी. में रंदोली बंध से जापती चापरा (रोड आईडी 7192) पर सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट सहित मजबूतीकरण। | 14.08.2025 03.09.2025 | 1213.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव घीर ब्लॉक कुंजपुरा में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 16.08.2025 26.08.2025 | 65.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि (भ व प) करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 5 अदद रोड के सुधार का कार्य (1) (1) जीटी रोड से संधीर, सीकरी-शेखपुरा, गुमटो, डुंगरा से इंद्री तक (रोड आईडी 7386) (ओडीआर) लंबाई किमी 2.446 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा सीसीबी को पुनः बिछाना (2) बीर अमीन से अबला खालसा (रोड आईडी 7429) लंबाई 2.710 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। (3) एनकेडी रोड से ब्राह्मणमाजरा (रोड आईडी 7435) लंबाई 1.050 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। (4) बीर अमीन से बरथल (रोड आईडी 8638) लंबाई 4.000 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण और (5) सीदपुर से तरावड़ी रोड (रोड आईडी 8890) लंबाई 1.510 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण तथा सीसीबी को पुनः बिछाना + 3 कार्य। | 14.08.2025 28.08.2025 | 19,26,43,766/- | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी - गांव होली, ब्लॉक बराड़ा में रामदासियां चौपाल के निकट हॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 15.08.2025 22.08.2025 | 16,71,461/- | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | बागवानी विभाग भुना (फतेहाबाद) | जॉब वर्क आधार पर संरक्षित संरचना, ओपन फील्ड नर्सरी और ऑर्केड इत्यादि में मेनियल कार्य हेतु मैनपावर की आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना। | 20.08.2025 09.09.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9358192110 ddhbhuna@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/240/37785/I/88/7 दि. 18.08.25

## चिंतन

# रोजगार सृजन पर और अधिक ध्यान देना जरूरी

मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां और सुस्त ग्रोथ के दौर में भारत में बेरोजगारी दर में कमी को एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। लगातार यह तीसरा महीना है जब बेरोजगारी दर में क्रमशः कमी दर्ज की जा रही है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में देश में बेरोजगारी दर घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर थोड़ी अधिक 5.3 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह 5.1 प्रतिशत थी। जुलाई में शहरी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई जो जून में 7.1 प्रतिशत थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर घटकर 4.4 प्रतिशत रही जो इससे पहले जून में 4.9 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी घटकर जुलाई में 14.9 प्रतिशत रही, जो जून 2025 में 15.3 प्रतिशत थी। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर जुलाई में मामूली रूप से बढ़कर 19 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 18.8 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसी आयु वर्ग (15-29 वर्ष) के लिए यह दर घटकर जुलाई में 13 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 13.8 प्रतिशत थी। बेशक भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, इसके बावजूद आर्थिक संकेतक आगाह करते रहते हैं कि देश को नए आर्थिक सुधार की जरूरत है। जीडीपी साढ़े छह फीसदी के दायरे में अनुमानित है, जोकि देश की आर्थिक जरूरत के अनुरूप नहीं है। आयात व निर्यात संतुलन भारत के खिलाफ है, मतलब हम आयात अधिक कर रहे हैं। छोटे व मध्यम उद्योग कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, कृषि क्षेत्र आधिक तवज्जो की मांग कर रहा है। निवेश की रफ्तार कम हुई है, सरकारी निवेश की गति भी धीमी है। करीब दस वर्ष में देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, इसके बावजूद करीब 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 5 किलो निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है, यह बड़ा विरोधाभास है। देश में सरकारी के बेरोजगारी के आंकड़े को लेकर बहस चलती रही है। वास्तविक बेरोजगारी के अधिक होने का अनुमान है। भारत में बेरोजगारी विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है, जिनमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, जनसांख्यिकीय चुनौतियां, कौशल असंतुलन, सीमित रोजगार सृजन, युवाओं में उच्च बेरोजगारी, सामाजिक मानदंड जो महिलाओं को रोजगार लेने/जारी रखने से रोकते हैं, अनौपचारिक क्षेत्र और कौशल-नौकरी असंतुलन शामिल हैं। बेरोज़गारी का व्यक्तियों, समुदायों और समग्र अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। लम्बे समय तक बेरोजगारी रहने से उपभोक्ता खर्च में कमी आ सकती है। कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर, उद्यमिता और स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर, विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्रों को मज़बूत कर, ग्रामीण रोज़गार के अवसरों में वृद्धि कर, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित कर, डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन कर व शिक्षा और उद्योग सहयोग को मज़बूत कर नए रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। रोजगार सृजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

## विवेचना

डॉ. मोनिका शर्मा



# ट्रंप के बयान-वैश्विक जन समुदाय में खो रही साख

अमेरिका के राष्ट्रपति ने डोनॉल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के पहले से ही अजीबोगरीब बयान देते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भी बहुत सी उनकी बातें सोशल मीडिया से लेकर आम संसार तक लोगों हैरान-परेशान करने वाली रही हैं। कभी युद्धरत देशों के बीच सीजफायर तो कभी नोबेल पुरस्कार के लिए संस्तुति को लेकर बहुत कुछ ऐसा कह चुके हैं, जो वैश्विक जनसमुदाय में उनकी छवि बिगाड़ रहा है। यह बर्ताव स्वयं उनकी ही नहीं उनके देश की साख को भी नुकसान पहुंचाने वाला है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री को फोन पर धमकाया है। नॉर्वे के बिजनेस अखबार डेगेन्स नेरिंगस्लिव के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप ने देश के वित्त



मंत्री को टेलीफोन पर धमकी दी है कि यदि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया जाता है तो वो नॉर्वे पर भारी भरकम टैरिफ लगा देंगे। ज्ञात हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने नॉर्वे के वित्त मंत्री को टैरिफ पर चर्चा के लिए बुलाया था। उस समय भी ट्रंप यह कहने से नहीं चूके थे कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था है कि 'वह नॉर्वे द्वारा दिए गए उस सम्मान के हकदार हैं, जो वाइट हाउस के चार पूर्ववर्तियों को मिला था।' गौरतलब है कि इजरायल, पाकिस्तान और कंबोडिया जैसे देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को शांति समझौते और युद्ध विराम करवाने के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया हुआ है। विडम्बना ही है कि अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनके विचार समग्र वैश्विक समुदाय को कभी चकित तो कभी चिंतित करते रहते हैं। यही कारण है कि ना तो आपसी संवाद का कोई परिणाम निकलता है और न ही वैश्विक स्तर पर बनी नीतियों और नियमों को लागू करने से जुड़ी गंभीरता नजर आती है। उनके बर्ताव अपने विचार थोपने का अंदाज़ स्पष्ट नजर आता है। इसी के चलते अलास्का के एंकोरेज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की करीब तीन घंटे तक चली आमने-सामने की मुलाक़ात भी बेनतीजा रही। न तो रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति बन पाई और न कोई ठोस समझौता हो सका। इसी वर्ष मार्च महीने में राष्ट्रपति ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में तीखी बहस हो चुकी है। व्हाइट हाउस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि जब दो राष्ट्राध्यक्षों की चर्चा इतने तनाव भरे माहौल में हुई। भारत के समक्ष भी ट्रंप कभी टैरिफ़ बढ़ाने की चुनौती तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर करवाने से जुड़े बयान देकर उलझनें खड़ी करते रहे हैं। पहलगांव में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारतीय देना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर को लेकर बार-बार अपने बयान बदलने से भी नहीं चूके। जिसके सरकार और विपक्ष में भी वैचारिक घमासान मचा रहा है। सैन्य बलों की कार्रवाई पर प्रश्न उठाए गए। इस विवाद ने भारत की छवि को भी नुकसान पहुंचाया, जबकि भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट कहा गया कि सीजफायर में किसी भी देश का हाथ नहीं है। दुखद है कि इस विवाद को हवा देने के बाद खुद राष्ट्रपति ट्रंप भी भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर दिये अपने बयान से पलट गए। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैंने भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता नहीं कराई। मैंने दोनों देशों के बीच तनाव का समाधान निकालने में मदद की थी। इसके पहले अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि अगर दोनों ने सीजफायर नहीं किया तो वह किसी के साथ व्यापार नहीं करेगा। हालांकि ट्रंप के इस बयान से भारत कभी सहमत नहीं हुआ और इसे खारिज कर दिया गया। इसी फेहरिस्त में ईरान और इज़राइल के युद्ध को लेकर दिये गए उनके बयान भी वैश्विक समाज को स्तब्ध कर चुके हैं। असल में ऐसे राष्ट्रपति ट्रंप के ऐसे वक्तव्यों की लंबी सूची है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति अपने बयानों से हलचल मचाते रहे हैं और मचा रहे हैं। कभी अपनी ही बात से मुकर जाना तो धमकी भरी बोलचाल में आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बात। दुनिया के बहुत से देश उनके इस बर्ताव को लेकर परेशान हैं। यह लाजिमी भी है क्योंकि राष्ट्राध्यक्षों की भाषा का रुख और वैचारिक सधापन केवल उनकी अपनी राजनीतिक छवि से जुड़ा पहलू भर नहीं होता। जिसके चलते हर विषय में संशय बढ़ाने और बेवजह सख्ती दिखाने वाले शब्द लिए राष्ट्रपति ट्रंप का यह व्यवहार अमेरिका की साख को भी ठेस ही पहुंचाएगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीईएम की पारदर्शी दशक यात्रा



## विश्लेषण

उमेश चतुर्वेदी

> वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। जीईएम ने आपी नौ वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है।

नौ अगस्त की तारीख हमारे इतिहास में अगस्त क्रांति के लिए प्रसिद्ध है। भारत से अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने वाले निर्णायक 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत इसी दिन हुई। यह तारीख इतिहास में एक और वजह से भी महत्वपूर्ण बन गई है। इसी दिन वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। इस ऑनलाइन सार्वजनिक और पारदर्शी बाजार ने नौ साल की आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है और एक दशक की यात्रा के लिए आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'। इसके सीईओ मिहिर कुमार कहते हैं कि जीईएम प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को साकार कर रहा है। मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में इस पोर्टल पर महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, मध्यम और लघु उद्योग, शिल्पकारों, स्थानीय कारीगरों और दिव्यांगजनों समेत पूरे देश के विक्रेताओं और सेवाप्रदाताओं के सशक्तीकरण में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस पोर्टल या ऑनलाइन बाजार पर विक्रेताओं के लिए जमानती राशि रखने का प्रावधान है। लेकिन अब इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। इसकी वजह से विशेषकर छोटे निर्माताओं और कारोबारियों को ज्यादा फायदा होना है।

सार्वजनिक और सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इसी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री ने पारदर्शी और समावेशी ऑनलाइन मार्केट की अवधारणा प्रस्तुत की थी। जीईएम उसी अवधारणा का विस्तार है। इसके कामकाज शुरू करने के बाद केंद्र सरकार के सभी दफ्तरों के लिए इसी पोर्टल के जरिए खरीद अनिवार्य कर दिया गया। अब जीईएम प्रबंधन का जोर राज्य सरकारों की खरीद को भी इसी के जरिए जरूरी बनाने पर है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। जीईएम को उम्मीद है कि उनके जरिए हो रही सार्वजनिक खरीद में जिस तरह सार्वजनिक क्षेत्र को बचत हो रही है, उसकी वजह से राज्य सरकारें भी इसकी ओर आकर्षित होंगी। वैसे राज्यों की ओर से इसके जरिए खरीद होने भी लगी है। हालांकि उसकी मात्रा अभी कम है। जीईएम के जरिए होने वाली खरीद में अब तक एनटीपीसी को जहां करीब दो हजार करोड़ की बचत हुई है, वहीं बैंक ऑफ बड़ोदा को 34 करोड़। इसी तरह भारतीय नौसेना ने भी पंद्रह करोड़ की बचत की है। जीईएम के अधिकारी तो इसे स्वीकार नहीं करते, लेकिन जाहिर है कि यह बचत जहां खरीद में घपले की कमी से हुई है, वहीं सार्वजनिक मार्केट प्लेस पर उपलब्ध ढेरों और गुणवत्तापूर्ण सामानों में मूल्यों को लेकर हुई प्रतिद्वंद्विता की वजह से हुई है।

जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के अनुसार, इस ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने सिर्फ खुद के दम पर साल 2024-25 में 5.4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य सार्वजनिक खरीद को न केवल सुव्यवस्थित किया है, बल्कि शासन में पहुंच,समानता और सशक्तीकरण को




फिर से पारिभाषित किया है। जीईएम ने अपने स्थापना के दसवें वर्ष का सूत्र वाक्य, सुगमता, पहुंच और समावेशन विषयों पर केन्द्रित किया है। मिहिर कुमार का कहना है कि उसका यह सूत्र वाक्य सार्वजनिक खरीद को अधिक सुलभ और न्यायसंगत बनाने की दिशा में उनके संगठन की प्रतिबद्धता और पारदर्शी कामकाज को प्रदर्शित करता है। मिहिर कुमार यह भी कहते हैं कि वैसे तो ऑनलाइन खरीद के कई पोर्टल हैं। लेकिन वे सभी कारोबारी पोर्टल हैं, जबकि जीईएम मार्केट प्लेस है। वह खुद कारोबार नहीं करता, बल्कि पारदर्शी कारोबार का मंच उपलब्ध कराता है। जिसमें खरीददार और विक्रेता, दोनों का फायदा है।

जीईएम की कामयाबी ही कही जाएगी कि इसके जरिए अब तक तीन करोड़ से ज्यादा खरीदादारी हो चुकी है। जिनके जरिए 4.81 लाख करोड़ की खरीददारी हुई है। इस मार्केट प्लेस पर मौजूदा वित्त वर्ष में 11हजार से ज्यादा प्रोडक्ट, 344 से ज्यादा सर्विस श्रेणी, 20 लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पोर्टल पर सबकुछ ऑटोमेशन में सॉफ्टवेयर संचालित है, कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। हालांकि जीईएम के अधिकारी मानते हैं कि इसमें और सुधार की गुंजाइश है और वह लगातार होती रहेगी। ताकि खरीद-बिक्री में पारदर्शिता रहे।

यह ठीक है कि अब विक्रेताओं के लिए जमानती राशि की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही जीईएम ने कई और सुधार शुरू किये हैं। इसमें विक्रेता के मूल्यांकन शुल्क को तार्किक बनाना और लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी करना भी सामिल है। वेंडर चार्ज भी पहले की तुलना में 68 प्रतिशत से लेकर 92 प्रतिशत तक कम किए जा चुके हैं। इन सबकी वजह से यहां मिलने वाले 97 प्रतिशत ऑर्डरों को छूट मिल गई है। मिहिर कुमार कहते हैं कि उनकी कोशिश, विक्रेताओं को सशक्त बनाना, मध्यम और लघु उद्योगो बढ़ावा देने की है। इस दिशा में पहली बार विक्रेताओं और छोटे उद्यमों के लिए मजबूत सहायता द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। जीईएम की कोशिश ना सिर्फ बड़े, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में स्थित कारीगरों, निर्माताओं, उद्यमियों और कारोबारियों को समावेशी मंच उपलब्ध कराना भी है। जीईएम के अधिकारी कहते हैं कि उनका ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि आदिवासी कारीगरों से लेकर तकनीक-संचालित स्टार्टअप तक हर उद्यम तक सार्वजनिक खरीद के अवसरों आसानी से पहुंच सकें। इस दिशा में इसके दिल्ली मुख्यालय में छह अगस्त को जीईएमविक्रेता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीईएम के मंच पर देश के हर वर्ग के उद्यमियों, कारोबारियों और निर्माताओं को साथ लाने की कोशिश हुई।

कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है। दसवें वर्ष में दाखिल होते हुए इसके अधिकारियों ने अनूठी शपथ ली है। उनका कहना है कि वे सार्वजनिक खरीद को नागरिक-केंद्रित, डेटा-संचालित और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि सार्वजनिक खरीद में इन विशेषताओं के बावजूद कुछ अतिरिक्त की चाहत रखने वाले भ्रष्टाचारी तत्व अब भी कुछ ना कुछ राह निकाल लेते हैं। जिस पर काबू पाने के लिए जीईएम के इंजीनियर लगातार सक्रिय रहते हैं। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि अपने एक दशक की यात्रा में यह सार्वजनिक ऑनलाइन बाजार पारदर्शिता की नई मिसाल कायम करेगा। इस संदर्भ में जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के इन शब्दों को देखा-परखा जा सकता है। वे कहते हैं, ₹पारदर्शिता को परिवर्तन के साथ जोड़ते हुए, GeMभारत के खरीद परिदृश्य की रीढ़ बन गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है प्रतिस्पर्धा



संकलित
## दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
## प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। – *प्रतीक मिश्रा, भिलाई*

## करंट अफेयर

### इंडिया डे परेड पहली बार सिएटल में हुई आयोजित



भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिएटल में पहली बार भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'इंडिया डे परेड' में भारत के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई गईं। शनिवार को हुई इस परेड में 'इंडिया पैवेलियन' भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शित किए गए। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने परेड की शुरुआत झंडी दिखाकर की। जैसे ही आकाश में तिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, सड़कें भारतीय तिरंगे के रंगों से सराबोर हो गईं। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि 'इंडिया पैवेलियन' में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जहां भारत के 28 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के साथ प्रदर्शित किए गए। आगंतुकों ने क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लिया और सांस्कृतिक कलाकृतियों का अवलोकन किया, जिससे भारत की समृद्ध विरासत और परंपराओं की झलक मिली। लगभग 2,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मेयर हैरेल ने कहा कि अमेरिका को भारत के प्रेम, करुणा और अहिंसा के संदेश से सीखना चाहिए।

## ऑफ बीट

### बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी समस्या



कई परिवारों के लिए बच्चों को भोजन कराना रोजाना एक चुनौती होती है। कोई बच्चा अचानक अपना पसंदीदा खाना खाने से मना कर देता है, कोई दिन भर कुछ न कुछ खिलाए जाने के कारण चिड़चिड़ा हो जाता है, भाई-बहन खाने की मेज पर झगड़ने लगते हैं। लेकिन अगर माता-पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले लोग इस बारे में सलाह के लिए सोशल मीडिया का रुख करते हैं, तो इससे फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर बच्चों को खाना खिलाना बिल्कुल आसान लगता है। हमारे नए शोध में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे कंटेंट की भरमार है, जिसमें भोजन के समय के अवास्तविक मानकों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों की देखभाल करने वालों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हम जानते हैं कि जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो माता-पिता को कई दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें इस बारे में बहुत कम जानकारी होती है कि सोशल मीडिया किस प्रकार इन दबावों को बढ़ाने में योगदान दे रहा है। यह जानने के लिए कि सोशल मीडिया पर पारिवारिक भोजन को कैसे दर्शाया जाता है, हमने एक लोकप्रिय प्लेटफ़ॉर्म इंस्टाग्राम पर नजर डाली। लगभग दो अरब यूजर वाले इंस्टाग्राम पर खान-पान से जुड़ी तस्वीरों व वीडियो का अंबार है।

## ट्रेंड

### विशिष्ट पहचान



थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभिन्न पदों पर रहते हुए, उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शोध पर चर्चा



पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. गाय लिटिलफेयर से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध साझेदारी को और गहरा करने पर उपयोगी चर्चा हुई। खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनकी व्यापक विशेषज्ञता और एक मजबूत प्रतिष्ठा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### केस दर्ज होगा



वोटर लिस्ट में घपला करने वाला बड़े-से-बड़ा अधिकारी और बूथ स्तर तक का चुनावकर्मी देख ले कि उसकी बेईमानी पकड़े जाने पर केस भी होगा और निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई भी। वो देश के साथ दगा करने का दोषी घोषित होगा।

- अखिलेश यादव, सपा नेता

### असाधारण उपलब्धि



जाकिर खान ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में जो कर दिखाया, ये एक असाधारण उपलब्धि हिन्दुस्तान का यह सितारा आज पूरी दुनिया से हिंदी में बातचीत कर रहा है और लोग रुक कर उसे सुन भी रहे हैं।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष में टकराव और बढ़ा

# भारत के सब पदार्थों की चोरी करने वालों में बिहार में एक चारा चोर और दूसरा यात्रा पर

## कई यात्राएं कर चुके, इस यात्रा से भी नहीं होगी नैया पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि जब से पीएम मोदी की सरकार बनी है, कांग्रेस और विपक्ष के प्रेस के मुद्दे वही होते हैं और अब हम भी थक जाते हैं उन्हीं प्रश्नों के जवाब देते-देते। जनता को लगता होगा कि कांग्रेस पार्टी और विपक्ष के लोगों की हताशा की सीमा इस कदर बढ़ गई है कि हमेशा चोर-चोर करते रहते हैं। पात्रा ने कहा कि-राफेल के समय पर चौकीदार-चोर, अब वोट की चोरी, ये स्वाभाविक है जिसके स्वभाव में जो होता है उन शब्दों का प्रयोग वो बार-बार करता है। अब देखिए दो लड़के, यूपी में दो लड़के थे यहां भी दो लड़के हैं। दो लड़के ये जेल यात्रा, बेल यात्रा सबकुछ करने के बाद अब कौन सी यात्रा कर रहे हैं पता नहीं चोरी की यात्रा, कुछ नहीं होने वाला है। जनता जनार्दन है, सब कुछ जानती है। एक चारा चोर और दूसरा पूरे भारत के सब पदार्थों की चोरी करने वाले परिवार, ये मिल करके संविधानिक संस्थाओं को चोर घोषित करने का काम कर रहे हैं।



### वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बचा रहे राहुल

पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल वोटबैंक की राजनीति के लिए अवैध घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। पात्रा ने कहा, इन दलों का मकसद देश में अस्थिरता और हिंसा फैलाना है, जैसा कि बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हुआ।

### राहुल की चोर-चोर चिल्लाने की आदत

पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चोर चोर' चिल्लाने की आदत बन गई है। उन्होंने दावा किया कि यह विडंबना है कि राहुल जैसे नेता या राजद के तेजस्वी यादव, जो कांग्रेस नेता की तरह भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं, संवैधानिक संस्थाओं पर चोरी का आरोप लगा रहे हैं।

### राहुल और ममता इस्तीफा दें

पात्रा ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल हमेशा से ही संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाते रहे हैं। इन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर भी सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में धांधली हुई है तो सबसे पहले राहुल गांधी को इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह भी इसी चुनाव के जरिए सांसद बने हैं। संबित पात्रा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले ही ममता बेनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बन गई थीं। वह भी चुनाव आयोग द्वारा कराए गए चुनाव से ही बार-बार मुख्यमंत्री बनी हैं, उन्हें भी इस्तीफा देना चाहिए।

### संवैधानिक संस्थाओं से खिलवाड़ न करें

मैं पूछना चाहता हूं कि आप घोषणा कर रहे हैं कि चोरी हो रही है? ये दिखाता है कि संवैधानिक संस्थाओं के साथ आप खिलवाड़ करते हैं।

### भाजपा चुनाव आयोग का बचाव कर रही: खेड़ा

कांग्रेस के पवन खेड़ा ने कहा कि हमने तो चुनाव आयोग से सवाल किया है, तो संबित पात्रा चुनाव आयोग का पक्ष क्यों ले रहे हैं? उन्होंने कहा कि जब भी भाजपा पर हमला होता है, तो चुनाव आयोग उनके बचाव में आ जाता है और चुनाव आयोग से कुछ पूछा जाता है, तो भाजपा के मंत्री उनके बचाव में आ जाते हैं। यह लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है।

### राहुल की सारी यात्राएं लॉन्च होने के बाद धराशायी

भाजपा की तरफ से सोशल मीडिआ प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए राहुल गांधी की यात्रा पर निशाना साधा गया है। इस पोस्ट में एक फोटो साझा किया गया जिसमें राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ा न्याय यात्रा के साथ-साथ वोटर अधिकार यात्रा को एक रॉकेट के जरिए दिखाया गया है, जो लॉन्च होने के बाद धराशायी हो गया है।

---

**सिर्फ चुनाव आयोग ही नहीं, देश की ऐसी कोई संवैधानिक संस्था नहीं बची है, जिस पर कांग्रेस और विपक्षी दलों ने आरोप न लगाए हों: पात्रा**

# जब सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, तो विपक्षी दल कौन सी खंडपीठ हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर रोक नहीं लगाई है, तो विपक्षी दल कौन सी खंडपीठ हैं, जो घोषणा कर रहे है कि चोरी हो रही है, ये दिखाता है कि संवैधानिक संस्थाओं के साथ विपक्षी नेता खिलवाड़ करते हैं। नई दिल्ली स्थित भाजपा सिर्फ चुनाव मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों और विपक्ष के आरोपों पर बोलते हुए कहा कि आज मैं देख रहा था कि अनेक राजनीतिक पार्टियों के लोग बैठकर प्रेस वार्ता कर रहे थे। मैं पूछना चाहता हूं कि आपकी खंडपीठ बड़ी है, या सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ बड़ी है। पात्रा ने कहा कि सिर्फ चुनाव आयोग ही नहीं, देश की ऐसी कोई संवैधानिक संस्था नहीं बची है, जिस पर कांग्रेस परिवार व कांग्रेस परिवार के इर्द-गिर्द घूम रहे परिवारों ने हमला न किया हो। याद कीजिए, ये वही लोग है जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर अंगुली उठा दी थी। ये वही लोग हैं, जो सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना पर हमला करने से नहीं कतराते हैं और सबूत मांगते हैं।

पात्रा ने कहा कि इनका (कांग्रेस और उसके सहयोगियों का) मकसद घुसपैठियों को बचाना है। भारत की जनता जानती है कि आप किस प्रकार से वोटबैंक की, तुष्टिकरण की राजनीति और उसमें घुसपैठियों को जोड़कर अपना वोट बैंक बनाकर जीतना चाहते हैं। लेकिन इस देश के संसाधनों पर इस देश की जनता का अधिकार है किसी घुसपैठिए का अधिकार नहीं है। राहुल गांधी के यात्रा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा की जा रही यात्राओं से कुछ नहीं होने वाला, यह निराशाजनक है कि चारा चोर और देश की हर चीज़ चुराने वाला परिवार एक संवैधानिक संस्था पर चोरी का आरोप लगा रहा है।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बिंदुवार तकनीकी खंडन किया। विपक्ष देश में अराजकता का माहौल चाहता है और इसलिए इसका राजनीतिक लाभ उठाना चाहता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देश की कोई भी संवैधानिक संस्था ऐसी नहीं है जिस पर कांग्रेस, राहुल , गांधी परिवार और उनके इर्द-गिर्द की हर वंशवादी पार्टी ने हमला न किया हो, ये वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने पर सुप्रीम कोर्ट पर उंगली उठाई थी, इन्होंने सेना प्रमुख को गुंडा तक कहा थाऔर ऑपरेशन सिंदूर और एयर स्ट्राइक के बाद सबूत मांगे थे, इन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सिंहासन लगती है, जो इनका जन्मसिद्ध अधिकार है। ये कोई विरासत नहीं, सेवा से अर्जित होती है। चुनाव आयोग विपक्ष को बार-बार पत्र लिखता है, लेकिन वे एक बार भी नहीं जाते। उनका एक ही इरादा है, अपने लोगों के माध्यम से विदेशों से आए घुसपैठियों को बचाना। हम सब जानते हैं कि कैसे वे तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों को उससे जोड़कर चुनाव जीतना चाहते हैं।

---

**विपक्ष ने गंभीर आरोप लगाए**

# चुनाव आयोग के ख़िलाफ़ मुखर हुआ विपक्षी गठबंधन, सीईसी के ख़िलाफ़ महाभियोग पर विमर्श

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के सांसद एवं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौरव गोगोई, कांग्रेस महासचिव डॉ. नसीर हुसैन, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, द्रमुक के तिरुचि शिवा, राजद के मनोज झा, शिवसेना (उद्धव) के अरविंद सावंत, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह और वाम मोर्चा के जॉन ब्रिटास समेत कई दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### चुनाव आयोग खुद अपने खिलाफ खड़ा हो गया है: गौरव गोगोई

गौरव गोगोई ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार जनता का वोट देने का अधिकार है और उसका संरक्षक चुनाव आयोग है। मगर आयोग अपने संवैधानिक दायित्व से भाग रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने विपक्ष के सवालों के जवाब देने के बजाय विपक्षी दलों पर हमला बोला।

### उन्होंने सवाल उठाया

बिहार में केवल तीन महीने पहले एसआईआर प्रक्रिया को इतनी हड़बड़ी में क्यों लागू किया गया? महाराष्ट्र में अचानक 70 लाख नए वोटर सूची में कैसे जुड़ गए? पोलिंग बूथ की सीसीटीवी फुटेज को 45 दिन बाद क्यों मिटाने का निर्णय लिया गया? राहुल गांधी द्वारा उजागर महादेवपुरा क्षेत्र में मिले एक लाख फर्जी वोटरों पर आयोग क्यों चुप है? गोगोई ने कहा कि आज चुनाव आयोग अपनी विश्वसनीयता खो रहा है और "मुख्य चुनाव आयुक्त, आयोग के ही सबसे बड़े शत्रु बन चुके हैं।"

### संसद में एसआईआर पर बहस कराई जाए: हुसैन

डॉ. हुसैन ने कहा कि विपक्ष की मांग साफ है बिहार मतदाता पुनरीक्षण पर संसद में खुली बहस हो। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लगातार चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार और आयोग जवाबदेही से भाग रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी- हम वोट के अधिकार की रक्षा के लिए किसी भी

### चुनाव आयोग सरकार का औजार बन गया: विपक्षी दलों की आवाज़

**सपा के रामगोपाल यादव** ने कहा कि चुनाव आयोग को सरकार ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। जब तक आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक फ्री एंड फेयर इलेक्शन संभव नहीं है। **महुआ मोइत्रा** (टीएमसी) ने कहा कि आयोग विपक्ष को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है, जबकि उसकी जिम्मेदारी पारदर्शिता और जवाबदेही की है। **तिरुचि शिवा** (डीएमके) ने आरोप लगाया कि आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को भी नज़रअंदाज़ किया, जिससे उसकी नीयत साफ हो जाती है। **मनोज झा** (राजद) ने कहा कि "लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और यह हमला अब संस्थाओं के जरिए हो रहा है। यह बेहद खतरनाक संकेत है। **अरविंद सावंत** (शिवसेना, उद्धव गुट) ने कहा कि वोटरों की सूची में गड़बड़ी और चुनावी प्रक्रियाओं में हेरफेर देश की जनता के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। संजय सिंह (आप) ने तीखे लहजे में कहा – मुख्य चुनाव आयुक्त का लहजा किसी जिम्मेदार संवैधानिक अधिकारी का नहीं, बल्कि भाजपा प्रवक्ता का लग रहा था। जब राहुल गांधी ने फर्जी वोटर उजागर किए, तो उनसे शपथपत्र या माफी क्यों मांगी जा रही है? जांच से इतना डर क्यों?

**जॉन ब्रिटास** (सीपीआई-एम) ने कहा कि विपक्ष की बातों को दबाना और गंभीर सवालों को नजरअंदाज करना लोकतंत्र के लिए घातक है।

### सीईसी पर महाभियोग की संभावना

प्रेस वार्ता में एक सवाल पर गोगोई ने कहा कि विपक्षी दलों की आज सुबह हुई बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर चर्चा हुई और इस पर "काफी सहमति" बनी है। उन्होंने कहा, उचित समय पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

---

**टोल एजेंसी ने जवान को बुरी तरह पीटा**

# 20 लाख का ठोका जुर्माना अब तो ठेका भी होगा रद्द

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ-करनाल राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-709ए) पर स्थित भुनी टोल प्लाजा पर 17 अगस्त की रात एक शर्मनाक घटना सामने आई, जिसमें टोल कर्मचारियों ने भारतीय सेना के जवान कपिल सिंह और उनके भाई शिवम के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई करते हुए टोल कलेक्शन एजेंसी, मेसर्स धरम सिंह एंड कंपनी पर 20 लाख का जुर्माना लगाया है और कंपनी का अनुबंध समाप्त करने के साथ-साथ भविष्य में टोल प्लाजा की बिडिंग में भाग लेने से रोकने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मेरठ के गोटका गांव निवासी सेना के जवान कपिल सिंह 17 अगस्त की रात अपने चचेरे भाई शिवम के साथ दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जा रहे थे।






## मौजूदा जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने का प्रस्ताव

# जीएसटी में कटौती से बढ़ेगी एसी की मांग, कीमतें 2,500 रुपए तक घटेंगी

### उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर कंडीशनर (एसी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने के सरकार के प्रस्ताव से उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इससे विभिन्न मॉडल के आधार पर एयर कंडीशनर (एसी) की कीमतें 1,500 रुपये से 2,500 रुपये तक कम हो जाएंगी। सरकार द्वारा हाल ही में आयकर में कटौती और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में संशोधन के बाद कीमतों में यह कटौती होने जा रही है। अब इस कदम से न केवल एसी तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि 'प्रीमियम एसी' की मांग भी बढ़ेगी जहां लोग लागत लाभ के कारण ऊर्जा-कुशल मॉडल खरीदेंगे। इसके अलावा, इससे 32 इंच से अधिक के टीवी स्क्रीन पर जीएसटी स्लैब को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने में भी मदद मिलेगी।

#### अब फैसले के लागू होने का इंतजार

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने इसे एक ''शानदार कदम'' बताते हुए सरकार से इन बदलावों को शीघ्र लागू करने का आग्रह किया क्योंकि लोग रूम एयर कंडीशनर (आरएएसी) की खरीद से पहले अब इस फैसले के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं।

#### कटौती से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा

शर्मा ने कहा कि इससे मॉडल के आधार पर अंतिम उपभोक्ता के लिए एसी की कीमत में 1,500 से 2,500 रुपये तक की कमी आएगी। गोदरेज अप्लायंसेज ने भी प्रस्तावित कटौती से उपभोग को बढ़ावा देने और उपकरणों की मांग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद जाहिर की।

#### सीतारमण जीएसटी पर मंत्रिसमूह की बैठक को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली(भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जीएसटी में सुधारों को लेकर बुधवार को राज्यों के मंत्रियों के समूह की एक बैठक को संबोधित करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन सुधारों के तहत कर दरों में कटौती होगी और आम इस्तेमाल की वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों ने के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत की कर दरों को हटाने का प्रस्ताव है। 20 और 21 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली राज्यों के मंत्री समूह की दो दिन की बैठक में सुधार प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''इसका उद्देश्य जीएसटी सुधार प्रस्ताव के पीछे केंद्र के दृष्टिकोण को सामने रखना है। हालांकि, केंद्र इस मंत्री समूह का सदस्य नहीं है, लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री की उपस्थिति और उनके संबोधन से मंत्री समूह को केंद्र के प्रस्ताव के पीछे की सोच और विचार को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी छह सदस्यीय मंत्री समूह के संयोजक हैं। अन्य सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल शामिल हैं। केंद्र ने वस्तुओं को 'गुण' और 'मानक' श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब का प्रस्ताव किया है। इस वर्गीकरण में अपनाए गए व्यापक सिद्धांत का उद्देश्य मध्यम वर्ग, एमएसएमई और कृषि क्षेत्र पर कर का बोझ कम करना है।प्रस्तावित 40 प्रतिशत स्लैब, केवल पांच से सात वस्तुओं पर लागू होगा। इनमें पान मसाला, तंबाकू और ऑनलाइन गेमिंग जैसी अहितकर वस्तुएं शामिल हैं। यह जीएसटी कानून के तहत उच्चतम स्वीकार्य कर दर है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) वर्तमान में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है।

#### ग्राहक एसी के लिए एक अक्टूबर तक इंतजार करेगा

त्यागराजन ने कहा, '' अब अगस्त में कोई भी आरएसी (रूम एसी) नहीं खरीदेगा, सितंबर या एक अक्टूबर तक इंतजार करेगा। इस बीच क्या कर सकते हैं। डीलर नहीं खरीदेंगे और ग्राहक नहीं खरीदेंगे।'' ग्राहकों को मिलने वाले मूल्य लाभ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' यह लगभग 10 प्रतिशत होगा'' क्योंकि जीएसटी अंतिम मूल्य पर लगाया जाता है।

#### ऊर्जा कुशल उत्पादों पर 12 फीसदी जीएसटी की उम्मीद

पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने कहा कि उद्योग को ऊर्जा कुशल उत्पादों पर करीब 12 प्रतिशत जीएसटी की उम्मीद है और बाकी उत्पादों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा, '' हालांकि, ऐसी स्थिति में जब एसी और अन्य उपकरणों पर जीएसटी 28 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाता है, तो बाजार में कीमतों में सीधे तौर पर छह से सात प्रतिशत की कमी आएगी क्योंकि आमतौर पर जीएसटी आधार मूल्य पर लगाया जाता है।



## शिक्षा में डिप्लोमा हेतु पाठक सामग्री के शुभारंभ समारोह का किया आयोजन

**नई दिल्ली ।** लोकसभा भवन भुवनेश्वर और शिक्षा में डिप्लोमा हेतु पाठक सामग्री के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में श्रीमती परावति परिदा, उपमुख्यमंत्री और महिला व बाल विकास मंत्री उड़ीसा सरकार, सूर्यवंशी सूरज उच्च शिक्षा मंत्री और श्रीमती मनीषा बनर्जी निदेशक महिला एवं बाल विकास श्रीमती उमा कांजीलाल, उप कुलपति इग्नू भी उपस्थित रही। समारोह में अरविंद अग्रवाल मुख्य सचिव एवं आयुक्त उच्च शिक्षा, ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया और इग्नू के मातृभाषा में शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया। समारोह का समापन प्रोफेसर नयनतारा द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव द्वारा किया गया।

## वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारत पर्यटन विकास निगम ने स्थिर विकास पथ बनाए रखा

**नई दिल्ली।** पर्यटन मंत्रालय के अधीन भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जो इसके सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में स्थिर प्रदर्शन को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में, आईटीडीसी ने 92.48 करोड़ रुपए का कुल कारोबार दर्ज किया, जबकि कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) वर्ष 12.90 करोड़ रुपए रहा, जबकि 2024-25 की पहली तिमाही में कारोबार 84.14 करोड़ रुपए औरपीबीटी 10.12 करोड़ रुपए था।पिछले वित्त वर्ष की प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, आईटीडीसी ने सेवा वितरण, विविधीकरण और ग्राहक-केंद्रित पहलों के प्रति एक नियत दृष्टिकोण के माध्यम से अपने प्रदर्शन को बनाए रखा है। ये परिणाम निगम की गुणवत्तापूर्ण सेवा और स्थिरता के अपने अंतर्निहित मूल्यों के अनुरूप रहते हुए, बदलती बाजार स्थितियों के अनुकूल ढलने की क्षमता को दर्शाते हैं।इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, आईटीडीसी की प्रबंध निदेशक सुश्री मुग्धा सिन्हा, आईएएस ने कहा: ''इस तिमाही का प्रदर्शन हमारी टीमों द्वारा प्रत्येक एसबीयू में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतिबिंब है। आईटीडीसी में, हम उद्देश्य के साथ नवाचार करने, निरंतरता के साथ सेवा प्रदान करने और हमारे सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य निर्माणकरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भविष्य की दृष्टि से, आईटीडीसी अपनी विरासत की शक्तियों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

7534997731



सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# जीएसटी सुधारों की घोषणा से शेयर बाजार में रौनक

### सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 245 अंक उछला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिवाली तक जीएसटी कर स्लैब में बड़े सुधार किए जाने की घोषणा से वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही। सेंसेक्स 676 अंक और निफ्टी 246 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 81,273.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,168.11 अंक चढ़कर 81,765.77 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 245.65 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 24,876.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 390.7 अंक की बढ़त के साथ 25,022 तक पहुंच गया था।

■ वाहन एवं एफएमसीजी शेयरों में जबर्दस्त खरीदारी

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी की तरफ से भारत की साख को बढ़ाए जाने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति का शेयर सबसे अधिक 8.94 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस में पांच प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 3.71 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 3.7 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, आईटीसी का शेयर 1.26 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इटर्नल, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा।



#### शिखर बैठक भी मददगार साबित हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव आने से घरेलू बाजार की धारणा बेहतर हुई। इसके अलावा अमेरिका-रूस की शिखर बैठक से कोई नया वैश्विक तनाव न पैदा होना भी बाजार के लिए मददगार साबित हुआ।''

#### हुंडई का शेयर 8.45 प्रतिशत चढ़ा

हुंडई मोटर इंडिया का शेयर 8.45 प्रतिशत चढ़ा जबकि अशोक लेलैंड में 8.12 प्रतिशत, टीवीएस मोटर में 6.58 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प में 5.9 प्रतिशत की तेजी देखी गई। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का भी प्रस्ताव रखा है।

### सोना स्थिर, चांदी 1,000 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,01,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव के मुकाबले 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में स्थिरता रही, पिछले शुक्रवार को अमेरिका-रूस बैठक में यूक्रेन मामले में कोई स्पष्ट समाधान नहीं निकला। हालांकि बातचीत का रुख सकारात्मक रहा।''

### इंडिगो और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने विशेष साझेदारी में लॉन्च किया को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने इंडिगो आईडीएफसी फर्स्ट क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। जिससे ग्राहकों को अधिक जगहों पर कार्ड स्वीकार होने की सुविधा और भुगतान करने में सहजता मिल सकेगी। यह साझेदारी ग्राहकों को सुविधा, मूल्य और हर दिन फायदे पहुँचाने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्ड यात्रा को और बेहतर बनाता है, जिसमें लाइफस्टाइल प्रिविलेज, कम फॉरेक्स मार्कअप, आकर्षक ट्रिप कैंसिलेशन कवर और इंडिगो फ्लाइट बुकिंग, माइलस्टोन खर्च व हर दिन की खरीद पर अतिरिक्त रिवॉर्ड्स शामिल हैं।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएनएल के ग्यारह प्रचालन वृत्तों (अर्थात हिसार, सिरसा, भिवानी, फरीदाबाद, गुरूग्राम-I गुरूग्राम-II, नारनौल, रेवाड़ी, पलवल, जीन्द और फतेहबाद वृत्तों) के अधिकार-क्षेत्र के अंदर डीएचबीवीएनएल के निर्देश के अनुरूप मार्केट में बिक्री के लिए अधिकृत किये जाने अथवा ठेकेदारों के माध्यम से टर्नकी वर्क्स, सेल्फ एग्जीक्यूशन वर्क्स इत्यादि में सामग्री की आपूर्ति के लिए 2 वर्ष हेतु अथवा टाइप टेस्ट्स की वैधता की तिथि तक, जो भी पहले हो, डीएचबीवीएनएल में निर्माता फर्मों के वेंडर्स का पैनल तैयार करना। | 14.08.2025 04.09.2025 | शून्य | www.dhbvn.org.in | 1662223187 cepdc@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/60/37771/I/88/7 दि. 18.08.25



विज्ञापन

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के प्रावधानों के अनुसार कोई भी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत होता है। संज्ञान में यह आया है कि निम्नलिखित पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (RUPPs) द्वारा पिछले 06 वर्षों (वर्ष 2019 से) में कोई भी लोक सभा/विधान सभा आम चुनाव व उप चुनाव नहीं लड़ा है। इसलिए आयोग की हिदायतानुसार निम्न पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो को आवश्यक कागजात / लिखित अभिवेदन जमा करवाने बारे तथा सुनवाई का मौका दिया जाता है।

| क्र. स. | राजनैतिक दल का नाम | जिला | पता | आवश्यक कागजात/ लिखित अभिवेदन जमा करवाने की तिथि | सुनवाई की तिथि व समय | सुनावाई का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी | फतेहाबाद | ढ़ानी अमरूद के बाग वाली, दौलतपुर रोड, गांव- भोड़ियाखेड़ा, तहसील व जिला फतेहाबाद, हरियाणा- 125050 | 28.08.2025 | 02.09.2025 प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, 30 बेज बिल्डिग, तृतीया तल, सैक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017 |
| 2 | बराबर समाज सांझी पार्टी | सिरसा | मकान नंबर 698, गांव अरनियावाली, तहसील नाथूसरी चोपटा, जिला सिरसा, हरियाणा-125055 | 28.08.2025 | 02.09.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 3 | दो जमा पांच मुद्दे जन पार्टी | रोहतक | गाँव - आसन, तहसील व जिला रोहतक, हरियाणा-124406 | 28.08.2025 | 02.09.2025 दोपहरः 12:00 बजे | |
| 4 | एकता शक्ति | करनाल | झांझड़ी, पोस्ट भैणी खुर्द, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल, हरियाणा-132117 | 28.08.2025 | 02.09.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 5 | हरियाणा इंसाफ कांग्रेस | रेवाड़ी | फार्म हाउस, भगवत भक्ति आश्रम के पास, रामपुरा, रेवाड़ी, हरियाणा -123401 | 28.08.2025 | 02.09.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 6 | हरियाणा जन चेतना पार्टी (वी) | अम्बाला | कोठी नंबर 118ए, सर्कुलर रोड, मॉडल टाउन, अंबाला सिटी, हरियाणा 134003। | 28.08.2025 | 02.09.2025 बजे दोपहर 01:30 | |
| 7 | हरियाणा नवनिर्माण सेना | गुड़गांव | 101, गांव सिलौखरा, गुड़गांव-122001, हरियाणा। | 28.08.2025 | 02.09.2025 बजे दोपहर 02:00 बजे | |
| 8 | हरियाणा सर्वजन पार्टी | यमुनानगर | मकान नंबर 236, वार्ड न० 2, ग्राम पंचायत रादौर, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135133 | 28.08.2025 | 02.09.2025 बजे दोपहर 02:00 बजे | |
| 9 | हिंदुस्तान क्रांति दल | नूंह | गाव टुंडलका, पंचावत-गौढ़ोला, पोस्ट ऑफिस व तहसील- पुनहाना, जिला मेवात (नूंह), हरियाणा-1211041 | 28.08.2025 | 02.09.2025 दोपहर 03:00 बजे | |
| 10 | जन सेवा संघर्ष पार्टी | फतेहाबाद | गांव व डाक पिलिगंदोरी, तहसील- भट्टू कलां, जिला-फतेहाबाद, हरियाणा - 125053। | 28.08.2025 | 03.09.2025 प्रातः 11:00 बजे | |
| 11 | महान दल | फरीदाबाद | ए-218 डी, धीरज नगर एक्सटेंशन, आतमदपुर, नजदीक फौजी ढाबा, सेक्टर-30, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 | 28.08.2025 | 03.09.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 12 | राष्ट्र शक्ति | यमुनानगर | 1112, एस/5 टैगोर गार्डन, बस स्टैंड के पास, यमुना नगर -135001, जिला यमुनानगर, हरियाणा। | 28.08.2025 | 03.09.2025 दोपहर 12:00 बजे | |
| 13 | राष्ट्रवादी परिवर्तन पार्टी (एल.बी.) | भिवानी | एम.सी. यूनिट नं. 4467. नूनसर जोहड़, पतराम गेट, भिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा 127021 | 28.08.2025 | 03.09.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 14 | राष्ट्रीय जनसेवा-सेकुलर पार्टी | फरीदाबाद | 428, ब्राह्मण वारा, पुराना वार्ड नं. 23, बल्लभगढ़ - 121004, जिला फरीदाबाद, हरियाणा | 28.08.2025 | 03.09.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 15 | राष्ट्रीय किसान पार्टी | महेंद्रगढ़ | गाँव व डाकघर धनौन्दा, तहसील और जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) 123027 | 28.08.2025 | 03.09.2025 दोपहर 01:30 बजे | |
| 16 | राष्ट्रीय मोर्चा पार्टी | गुड़गांव | मकान नंबर 57, गांव मानेसर, मोहल्ला मोहन पट्टी, जिला-गुड़गांव, हरियाणा-122050 | 28.08.2025 | 03.09.2025 दोपहर 02:00 बजे | |
| 17 | समस्त भारतीय पार्टी | गुड़गांव | W-6/5, डीएलएफ सिटी फेज- III. गुड़गांव 122002, हरियाणा। | 28.08.2025 | 03.09.2025 दोपहर 02:30 बजे | |

अतः उपरोक्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / सचिव से अनुरोध है कि उक्त तालिका में दर्शाये गई तिथि अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें। यदि उक्त तिथियों तक राजनैतिक दल का कोई भी जवाब प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जाएगा कि राजनैतिक दल कुछ नहीं कहना चहता है तथा आयोग राजनैतिक दल को बिना सूचित किये आवश्यक आदेश पारित कर देगा।

हस्ताक्षर
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा।

संवाद- 2270/11/2/2026/37760/C/88/7 दि. 18.08.25


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### बढ़ते जा रहे हैं कदम..गर्व से बता रहे हैं हम.व्यावसायिक क्षेत्र में उद्यमिता का नया कीर्तिमान स्थापित किया पतंजलि ने.




**नई दिल्ली।** देश की आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के घर-घर में विश्वास का प्रतीक बनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने स्वदेशी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गेनाइजेशन (**WCO**) और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय – भारतीय सीमा शुल्क (**Indian Customs**) ने पतंजलि को **AEO** (**Authorized Economic Operator**) **Tier**-2 प्रमाणपत्र प्रदान किया है।यह प्रमाणपत्र विश्वस्तरीय व्यापार में ईमानदारी, पारदर्शिता और सप्लाई चेन सुरक्षा के उच्चतम मानकों का प्रतीक है। भारत की सर्वोच्च कंपनियों में केवल गिनी-चुनी कंपनियों के पास ही यह दर्जा है, और **FMCG** सेक्टर में तो यह गौरवशाली प्रमाणपत्र केवल कुछ ही कंपनियों को प्राप्त है। अब इस सूची में पतंजलि का नाम स्वर्ण अक्षरों में जुड़ गया है।उल्लेखनीय है कि पतंजलि फूड्स को इस **AEO Tier**-2 प्रमाणपत्र से कम्पनी को ड्यूटी डिफर्ड पेमेंट (**Duty Deferred Payment**),बैंक गारंटी से छूट (**Bank Guarantee Waiver**), डायरेक्ट पोर्ट डिलीवरी (**DPD**), 24**x**7 क्लियरेंस सुविधा इत्यादि के साथ और कुल 28 प्रकार से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लाभ प्राप्त होंगे।

### भारत का बडे सपने देखने का समय आ चुका है : पुणीत डालमिया

**तमिलनाडु।** भारत के एमडी और सीईओ पुणीत डालमिया का सन्देशसास्त्र डीम्ड यूनिवर्सिटी के 39वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डालमिया भारत लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री पुणीत डालमिया ने कहा, एक उभरते भारत का विचार और बड़े सपने देखने का समय अब एक साथ आ चुका है। स्नातकों के लिए यह समय प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संतुलन बनाकर अपने करियर को ऊंचाइयों तक ले जाने का है। डालमिया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने करियर में बड़ा सोचें, जोखिम उठाएं और विनम्र बने रहें। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था के सशक्त रूपांतरण पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत एक कमजोर अर्थव्यवस्था से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन जिम्मेदार और सतत विकास की ओर बढ़ने का स्पष्ट संकेत है, जिसे वित्तीय और मानव पूंजी दोनों के सहयोग से और मजबूत किया जा सकता है।उन्होंने आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि और सेवा क्षेत्रों में बहुविषयक विकास को आत्मनिर्भर भारत मिशन के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

## शब्द पहेली - 5962




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा,रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी,कमला-2
13. ध्वनिहीनता,शांति-4
14. देवता,देव-2
16. प्रणाम,नमस्कार-3
18. रुधिरहीन,कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला,ईश्वर-5
24. प्रेम,चाहना-3
26. वन,अरण्य,जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल,मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा,सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह,प्रातःकाल-2
37. जोकर,विदूषक-4
38. संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता,बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर,निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट,खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म,दुष्कर्म-4
20. गाड़ी,यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार,व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा,आनंद-2
36. भोगने वाला,कामी-2

**शब्द पहेली - 5961 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |



# सैंटोस की करारी हार, बीच मैदान पर फूट-फूटकर रोए स्टार फुटबॉलर नेमार

## सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी मैच में वास्को दा गामा के हाथों झेलनी पड़ी 0-6 से हार

एजेंसी ▶▶| ब्राजील

स्टार फुटबॉलर नेमार को अपने कॅरियर की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद वो टूट गए। इस दौरान वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार झेलनी पड़ी। दूसरे हाफ में 6 में से 5 गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे।



### मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराशः नेमार

इस दौरान नेमार ने कहा कि, मुझे शर्म आ रही है। मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं। फैंस को विरोध करने का पूरा अधिकार है जाहिर है बिना हिंसा के, लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नेमार ने आगे कहा कि, ये बेहद शर्मिंदगी का एहसास है। मैंने जिंदगी में ऐसा पहले कभी नहीं देखा। बदकिस्मती से ऐसा हुआ। आंसू गुस्से से थे। बदकिस्मती से मैं किसी भी तरह से मदद नहीं कर सकता। खैर ये पूरी तरह से बकवास था। यही सच्चाई है। जले पर नमक छिड़कते हुए नेमार को इस सत्र का तीसरा येलो कार्ड भी मिला। इससे वह बहिया के खिलाफ अगले मैच से बाहर हो गए।

## पीएसजी ने जीत के साथ किया अभियान शुरू



**पेरिस।** चैंपियंस लीग की चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग 1 के अपने शुरुआती मैच में नैनटेस पर 1-0 की जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में खिताब बचाने का अपना अभियान शुरू किया। पीएसजी की टीम इस मैच में लय में नहीं दिखी। मैच का एकमात्र गोल पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिना ने 67वें मिनट में किया। उन्होंने लगभग 20 मीटर दूर से गेंद ली और डिफेंडर चिदोजी अवाजिएम को छकाकर गोल किया। कोच लुइस एनरिक की टीम के लिए यह गोल काफी साबित हुआ, जो एक बार फिर गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के बिना खेल रही थी। एक अन्य मैच अनुभवी स्ट्राइकर ओलिवियर गिरौड को लीग 1 में वापसी करने पर गोल करने में केवल 11 मिनट लगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि उनकी नई टीम लिली ने ब्रेस्ट के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला।

## स्पेनिश लीग : एटलेटिको मैड्रिड ने पहली बार अपना मैच गंवाया

**मैड्रिड।** कई नए खिलाड़ियों के साथ खेल रही एटलेटिको मैड्रिड की स्पेनिश फुटबॉल लीग में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 16 साल में पहली बार ला लिगा के अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। एटलेटिको ने शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया और उसे एस्पेनयोल ने 2-1 से हरा दिया। यह 2009 के बाद पहला अवसर है जबकि एटलेटिको को स्पेनिश लीग के शुरुआती मैच में पराजय झेलनी पड़ी। एटलेटिको ने 37वें मिनट में जूलियन अल्वारेज के फ्री किक से बढ़त बना ली, लेकिन 73वें मिनट में मिगुएल रुबियो और 84वें मिनट में पेरे मिल्ला के गोल के कारण उसे हार का मुंह देखना पड़ा। एक अन्य मैच में गेटाफे ने सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम की तरफ से एड्रियन लिसो और क्रिस्टेनस उचे ने दूसरे हाफ में गोल किए।


## खबर संक्षेप



### डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की पुरानी दिल्ली 6 पर बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** सुमित कुमार बेनीवाल के पांच विकेट की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में पुरानी दिल्ली 6 पर 46 रन से शानदार जीत दर्ज की। रविवार को खेले गए इस मैच में 185 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की टीम 18.3 ओवर में 138 रन पर ढेर हो गई। बेनीवाल ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अभिषेक खंडेलवाल ने 31 रन देकर चार विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। पुरानी दिल्ली 6 की पारी में एकमात्र सकारात्मक पहलू एकांश डोभाल (63) का अर्धशतक रहा। उन्होंने ललित यादव (28 गेंदों पर 22 रन) के साथ 46 रन की साझेदारी की लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने सभी विकेट खोकर 184 रन बनाए।

### अहमदाबाद मैराथन 30 नवंबर को




**अहमदाबाद।** 'रन फॉर आवर सोल्जर्स (हमारी सेना के सम्मान में दौड़)' के थीम के साथ अहमदाबाद मैराथन के नौवें सत्र का आयोजन 30 नवंबर को यहां के साबरमती रिवरफ्रंट पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें चार दौड़ श्रेणियां होंगी। इसमें मैराथन, हाफ-मैराथन, 10 किमी की दौड़ और पांच किमी की दौड़ शामिल है। यह विभिन्न आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों को आकर्षित करेंगी। 'अडानी स्पोर्ट्स लाइन' की ओर से आयोजित इस मैराथन को एक बार फिर साबरमती रिवरफ्रंट से हरी झंडी दिखाई जाएगी, जो अटल ब्रिज, गांधी आश्रम और एलिस ब्रिज जैसे शहर के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थानों से होकर गुजरेगी।

### तीरंदाजी प्रीमियर लीग में भाग लेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा सहित भारत के शीर्ष तीरंदाज पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) में भाग लेंगे। भारतीय तीरंदाजी संघ ने यह जानकारी दी। यह प्रतियोगिता अक्टूबर में यहां यमुना खेल परिसर में 11 दिन तक आयोजित की जाएगी। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा दुनिया भर के प्रमुख रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज हिस्सा लेंगे। इनमें कई चोटी के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनके नाम की घोषणा बाद में की जाएगी।

## टीम का चयन आज, 30 खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में आने के लिए तैयार

# एशिया कप 2025: गिल का फॉर्म बना चयनकर्ताओं की सबसे बड़ी उलझन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए 9 से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं।

### बल्लेबाजी में समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर

बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता।



### गेंदबाजी में यादव, चक्रवर्ती और बिश्नोई में टक्कर

गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारुपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है, जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं।

### सुंदर को मिल सकती है जगह

वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला दो अक्टूबर से शुरू होगी इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव पहली तीन पसंद हैं। गौतम गंभीर ऑलराउंडर को प्राथमिकता देते हैं और ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

### पंड्या फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज

अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन



तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। इस स्थान के लिए हर्षित राणा पसंदीदा दिख रहे हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज दोनों को लाल गेंद का विशेषज्ञ माना जा रहा है।

### यादव के नेतृत्व में टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत

सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे। पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा।

## दलीप ट्रॉफी

# आकाश दीप, ईशान बाहर ईश्वरन करेंगे अगुवाई





एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन चोट से उबरने के कारण उत्तर क्षेत्र के खिलाफ होने वाले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएंगे। किशन टीम के कप्तान भी थे। भारतीय घरेलू सत्र का पहला टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के मैदानों में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के हालिया दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच खेलने वाले आकाश दीप कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। 28 वर्षीय इस गेंदबाज की जगह बिहार के मुख्तार हुसैन को पूर्व क्षेत्र की टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट सहित श्रृंखला में 13 विकेट लेने वाले बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश ने क्षेत्रीय चयन समिति को बताया है कि चिकित्सीय सलाह के अनुसार वह इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है। इस बीच किशन भी हाथ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

## एशिया कप हॉकी

# पाकिस्तान की जगह ले सकती है बांग्लादेश की हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान अगर 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है तो उसकी जगह बांग्लादेश को शामिल किया जा सकता है।

हॉकी इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा उपलब्ध कराएगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रा करने से इनकार कर दिया है। आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा, 'भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है।

## एशियाई निशानेबाजीः भारत पुरुष एयर पिस्टल टीम को रजत पदक

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाखस्तान)

भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) की पदक तालिका में बेहतर प्रदर्शन करने के अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को यहां पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ की जबकि फरीदाबाद के अनमोल जैन स्पर्धा में व्यक्तिगत पदक जीतने से चूक गए और छठे स्थान पर रहे। अनमोल (580), आदित्य मालरा (579) और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी(576) की भारतीय टीम 1,735 अंक के साथ चीन के पीछे दूसरे स्थान पर रही। चीन की टीम ने 1,744 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। ईरान ने 1,733 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में अनमोल ने क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वह हालांकि पदक दौर में 155.1 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। चीन के हु काइ ने 241.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया के होंग सुहियोन और ईरान के आमिर जोहारिखोउ ने क्रमशः 239.0 और 216.8 अंक के साथ रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत के आदित्य और चौधरी क्वालीफिकेशन में क्रमशः 13वें और 21वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

**विजेता टीम को मिलेगा 10 लाख डॉलर का ईनाम**

## अमेरिकी ओपन : सिनर को डबल खेलने के लिए मिली नई जोड़ीदार

### मिश्रित युगल में अल्काराज और राडुकानू का सामना नंबर एक जोड़ी से

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

यानिक सिनर को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में खेलने के लिए नया जोड़ीदार मिल गया है जबकि एम्मा राडुकानू और कार्लोस अल्काराज की जोड़ी पहले दौर में नंबर एक वरीयता प्राप्त टीम का सामना करेगी।

अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होगा, जिसमें 16 टीम भाग लेंगी। इसके लिए ड्रॉ रविवार को डाले गए। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। शीर्ष वरीयता



प्राप्त सिनर अब 10 बार की महिला युगल प्रमुख चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाएंगे। उन्हें एम्मा नवारो के साथ जोड़ी बनानी थी लेकिन अगले सप्ताह मैक्सिको के मॉन्टेरी में होने वाले महिला टूर्नामेंट में खेलने के लिए उन्होंने नाम वापस ले लिया।

## पोर्टलैंड क्लासिक

### अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टूर में रहीं छठे स्थान पर

**पोर्टलैंड (ओरेगन)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक आखिरी दौर में पांच अंडर 67 के शानदार कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में छठे स्थान पर रही। अदिति का यह मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह इस सत्र में सिर्फ दूसरा मौका है जब वह शीर्ष 10 में रही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) था। अदिति ने चार दौर में 69-70-65-67 के कार्ड के साथ कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया।



उन्होंने आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाए। जापान की अकेई इवाई छह अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट से बड़ी जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 24 अंडर का रहा। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70-65) ने आखिरी दौर में सात अंडर के कार्ड के साथ कुल 20 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

## डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप

### अहलावत ने खेला 72 का कार्ड



**कोपनहेगन।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद 34वें स्थान पर रहे। अहलावत ने डेनमार्क के फ्युरेसॉ गोल्फ क्लब में अपने आखिरी दौर में तीन बर्डी और चार बोगी लगाए। उनका कुल स्कोर एक अंडर (73-68-70-72) रहा। वह इस प्रदर्शन से 'रेस टू दुबई' रैंकिंग में 139वें से 136 स्थान पर पहुंच गए। इस तालिका में शीर्ष 113 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 'कैटेगरी 10 कार्ड' मिलेगा, जिससे वे अगले सत्र में इस टूर के ज्यादातर टूर्नामेंटों में हिस्सा ले पाएंगे।

## विएरुमाकी फिनिश चैलेंज

### गोल्फर सप्तक ने खोई लय



**विएरुमाकी।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार होटल प्लानर टूर के विएरुमाकी फिनिश चैलेंज के आखिरी दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहे। तलवार तीसरे दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच में जगह बनाने की दौड़ में थे लेकिन वह चौथे और आखिरी दौर में अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने कुल आठ अंडर (73-67-65-75) का स्कोर बनाया। स्कॉटलैंड के डेविड लॉ ने चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर दो शॉट से जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 17 अंडर (65-68-70-68) का रहा।

## एलआईवी गोल्फ स्पर्धा

### लाहिड़ी ने प्ले ऑफ में दर्ज की शानदार जीत

**वेस्टफील्ड।** अनिर्बान लाहिड़ी ने दो अंडर 69 के कार्ड के साथ इंडियानापोलिस में एलआईवी गोल्फ स्पर्धा में अपने अभियान का अंत संयुक्त 27वें स्थान के साथ किया। वह इस तरह वह एलआईवी गोल्फ लीग की व्यक्तिगत सत्र रैंकिंग में 25वें स्थान रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर 10 अंडर (67-67-69) रहा। सेबेस्टियन मुनोज ने जॉन रहम के साथ 22 अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर बराबरी करने के बाद प्ले ऑफ में जीत दर्ज की। रहम हालांकि सत्र की तालिका में लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर रहे। लाहिड़ी का सत्र का 25वां स्थान 'लॉक जोन' से एक स्थान नीचे है। 'लॉक जोन' 2026 में खेलने के लिए खिलाड़ियों का स्थान सुनिश्चित करता है। लाहिड़ी अब 'ओपन जोन' में हैं, जिसके तहत उनकी टीम 'क्रशर्स' उन्हें अपने साथ बनाए रखने या रिलीज करने पर फैसला कर सकती है। लाहिड़ी ब्रायसन डीचैम्ब्यू के नेतृत्व वाले 'क्रशर्स' के एक महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं।






## खबर संक्षेप

### पाक में बारिश से 657 की मौत, 1000 से ज्यादा घायल


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मॉनसून की बारिश में ही 657 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा



1000 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान में जून के आखिर से लेकर अब तक बारिश में हुई मौतों का यह आंकड़ा है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता तैयब शाह ने बताया कि अब भी भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल 22 अगस्त तेज बारिश जारी रहेगी। पहले भी हादसे होते रहे हैं।

### नेपाल में 4.0 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए।



पूर्वी नेपाल के रामेछाप जिले में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र रामेछाप जिले के हेलमचो इलाके में था, जो राजधानी काठमांडो से करीब 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पास के जिलों दोलखा, सिंधुली और कावरेपालांचोक में भी महसूस किए गए। अब तक किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को शनिवार को ब्रासीलिया में मेडिकल जांच के लिए अस्थायी तौर पर नजरबंदी से बाहर आने की इजाजत मिली।

### दावा-रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि जंग



शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवॉश किया जा रहा है। वहीं, 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है।

---

चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ नई दिल्ली में हुई द्विपक्षीय बैठक में बोले भारत के विदेश मंत्री

# भारत-चीन के बीच न ही मतभेद विवाद में बदलें न ही प्रतिस्पर्धा संघर्ष में तब्दील हो: जयशंकर



**एनएसए अजीत डोभाल और वांग यी के बीच होगी सीमा मामलों पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक**

**मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी चीन के विदेश मंत्री की मुलाकात**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के मुद्दे पर बने हुए तनाव के बीच भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध धीरे-धीरे ही सही फिर से पटरी पर लौटते हुए नजर आ रहे हैं। इसकी ताजा मिसाल सीमा मामलों पर चर्चा करने के लिए गठित किए गए विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) के संवाद तंत्र की 19 अगस्त को होने वाली 24 वीं बैठक के रूप सबके सामने है।

जिसमें भाग लेने के लिए चीन के विदेश मंत्री वांग यी अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत सोमवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया और उसके बाद दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। भारत का पक्ष रखते हुए डॉ.जयशंकर ने कहा कि संबंधों में एक मुश्किल दौर (एलएसी विवाद) देखने के बाद अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। लेकिन यहां पर ये ध्यान रखने की जरूरत है कि न ही विवाद मतभेद में बदलें और न ही प्रतिस्पर्धा, संघर्ष में तब्दील हो। पिछले साल अक्टूबर महीने में रूस के कजान शहर में हुई भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद यह पहला मौका है। जब चीन के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर हैं। डॉ.जयशंकर ने इस मुलाकात के जरिए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के लिए बेहद उपयुक्त अवसर बताया। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। मंगलवार को चीन के विदेश मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात कर सकते हैं। इसके अलावा वांग यी और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के बीच सीमा मामलों से जुड़ी बैठक होगी।

### एससीओ शिखर बैठक से पहले हुई मुलाकात

बताते चलें कि चीन इस वर्ष शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता कर रहा है और उसकी मेजबानी में समूह के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें भाग लेने के लिए 31 अगस्त से 1 सितंबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन (तियानजिन) की यात्रा कर सकते हैं। जो कि जापान से होते हुए की जाएगी। वर्ष 2020 के मध्य में दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद की समाप्ति के बाद ये पहला मौका होगा। जब प्रधानमंत्री चीन की यात्रा करेंगे।

### स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की दरकार

जयशंकर ने ये भी कहा कि दोनों देशों की साझेदारी से अब संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास चल रहा है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए दोनों पक्षों को न केवल एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बल्कि हमें आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों जैसे तीन मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कहा कि सीमा पर शांति स्थापित होने के साथ ही संबंधों में भी सकारात्मक गति आ सकती है। भारत के विदेश मंत्री ने 19 अगस्त को वांग यी और एनएसए डोभाल की वार्ता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे संबंधों में सकारात्मक गति का आधार भी सीमा पर संयुक्त रूप से स्थापित की गई शांति और सौहार्द से जुड़ा हुआ है। यहां ये भी अहम हो जाता है कि सीमा पर तनाव कम करने की कवायद आगे बढ़े। भारत ने चीन को मजबूत परिणाम के साथ एक सफल एससीओ सम्मेलन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी हैं।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता की जरूरत

उन्होंने 5कहा कि हमारी यह बैठक हमें अंतरराष्ट्रीय स्थिति और साझा हितों से जुड़े हुए मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करती है। ये स्वाभाविक है कि जब दो सबसे बड़े राष्ट्र मिलते हैं तो अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर चर्चा होगी ही। आज की हमारी बातचीत में आर्थिक-व्यापार से जुड़े मुद्दे के अलावा हम तीर्थयात्रियों के मसले, नदियों का डेटा साझा करने, सीमाई व्यापार, कनेक्टिविटी, द्विपक्षीय आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंधों जैसे विषयों पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम एक निष्पक्ष, संतुलित और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के साथ ही एक बहुध्रुवीय एशिया चाहते हैं।

मौजूदा परिदृश्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता को बनाए रखना स्पष्ट रूप से जरूरी है। मैंने बीते जुलाई महीने में की गई अपनी चीन यात्रा के दौरान कुछ विशेष मामलों पर आपके समक्ष अपनी चिंता जाहिर की थी। जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ एक और प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि कुल मिलाकर हमारी चर्चाएं भारत, चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देंगी। जो दोनों देशों के हितों की पूर्ति के साथ ही हमारी चिंताओं का समाधान करेंगी।

### एक-दूसरे की सफलता में बनें भागीदार


वहीं, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बैठक के दौरान कहा कि भारत और चीन ने सीमा पर शांति कायम रखने का प्रयास किया है। दोनों पक्षों ने सहयोग को आगे बढ़ाने, संबंधों में सुधार व विकास की गति को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विश्वास जताया है। जिससे हम न केवल भारत-चीन के विकास बल्कि एक-दूसरे की सफलता में भी योगदान दे सकें। साथ ही एशिया समेत समूची दुनिया में वो स्थिरता लाई जा सके। जिसकी आवश्यकता है।

---

भारत में निवेशित रहने की दी सलाह

# अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म का दावा ट्रंप वापस ले सकते हैं हाई टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म जेफरीज ने अपने ग्राहकों को भारत में बिकवाली करने की जगह खरीदारी की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का यू-टर्न होना तय है। अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म में प्रमुख एनालिस्ट क्रिस्टोफर वुड ने कहा कि उनके ग्राहक वर्तमान वैश्विक बाजार परिवेश और इस संभावना के कारण भारत में निवेश करने पर विचार कर रहे हैं,क्योंकि ट्रंप अंततः अपना रुख बदल देंगे।

वुड ने कहा, यह केवल कुछ समय की बात है ट्रंप अपने रुख से पीछे हट जाएंगे, जो कि अमेरिका के हित में नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अगर कोई ट्रंप के सामने खड़ा होता है तो उसे लाभ होता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ट्रंप की ओर से ब्रिक्स देशों के खिलाफ कोई भी एक्शन उन्हें डी-डॉलराइजेशन की ओर ले जाएगा। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका का नाम शामिल है।

डी-डॉलराइजेशन वह स्थिति है, जिसमें देश डॉलर की बजाय अन्य विदेशी मुद्राओं या घरेलू मुद्राओं में विदेशी व्यापार करना शुरू कर देते हैं। विश्लेषक ने कहा कि जेफरीज ने भारत पर, खासकर अपने एशिया (जापान को हटाकर) लॉन्ग-ओनली पोर्टफोलियो में, लगातार तेजी का रुख बनाए रखा है।

**एशिया में भारत की सराहना**

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 15 वर्षों में वैश्विक उभरते बाजारों की तुलना में, भारत ने पिछले 12 महीनों में सबसे ज्यादा खराब प्रदर्शन किया है। ब्रोकिंग फर्म ने एशिया (जापान को हटाकर) में भारत पर मार्जिनल ओवरवेट रुख भी बनाए रखा है। वुड ने कहा, भारत एशिया में सबसे अच्छी दीर्घकालिक संरचनात्मक स्थिति का प्रतिनिधित्व करता है, हालांकि बाजार उच्च मूल्यांकन और भारी इक्विटी आपूर्ति का सामना कर रहा है।

**इसी माह पुनर्निर्धारित किया जा सकता है टैरिफ**

भारतीय शेयर बाजार एक साल की फॉरवर्ड अर्निंग के 20.2 गुना पर कारोबार कर रहे हैं, जो अक्टूबर 2021 के उच्चतम स्तर 22.4 गुना से कम है। एनालिस्ट वुड ने कहा कि ब्रिक्स देश मुख्य रूप से अमेरिकी प्रशासन की विदेश नीति में एक वैचारिक ढांचे के अभाव के कारण फिर से एकजुट हो रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों की 25 से 29 अगस्त के बीच प्रस्तावित नई दिल्ली यात्रा को पुनर्निर्धारित किया जा सकता है। गौरतलब हो, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध खराब हो गए हैं। 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू होने की धमकी दी गई है।

---

*व्हाइट हाउस के अधिकारी ने किया बड़ा दावा*

# चीन और रूस के नजदीक जा रहे भारत को हथियार देना खतरनाक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। अब वाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि भारत ने रूस और चीन से करीबी बढ़ा ली है, जिसके कारण उसे



हथियार बेचना जोखिम भरा हो गया है। वहीं, भारत ने साफ किया है कि तेल खरीदने को लेकर उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि अमेरिका और यूरोपीय संघ भी रूसी सामान के खरीदार हैं।

एक लेख में वाइट हाउस के व्यापारिक मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने लिखा है नई दिल्ली अब रूस और चीन दोनों के करीब जा रहा है। उन्होंने लिखा, अगर भारत एक रणनीतिक साझेदार की तरह हमसे व्यवहार चाहता हैं, तो उसे वैसे काम भी करने चाहिए। इससे पहले कई मौकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रूसी तेल की खरीदी को लेकर भारत पर निशाना साध चुके हैं। नवारो ने लिखा, भारत रूसी तेल के सबसे बड़े उपयोगकर्ता के रूप में काम कर रहा है।

वह कच्चे तेल को महंगे निर्यात में बदल रहा है और मॉस्को को डॉलर थमा रहा है, जिसे उसकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के करीबी रिश्तों के चलते अमेरिकी सैन्य क्षमताओं को भारत को सौंपना जोखिम भरा है।ट्रंप पहले ही भारत के खिलाफ 25 प्लस 25 फीसदी टैरिफ लगा चुके हैं।

---

पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ीं

# भारतीय मूल की कृषांगी 21 साल में बन गई ब्रिटेन की सॉलिसिटर

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय मूल की कृषांगी मेश्राम ने ब्रिटेन में इतिहास रचा। लॉ ग्रेजुएट कृषांगी मेश्राम हाल के वर्षों में इंग्लैंड और वेल्स में सबसे कम उम्र की सॉलिसिटर बन गई हैं। उन्होंने ये कमाल केवल 21 साल की उम्र में कर दिखाया है।



बता दें कि सॉलिसिटर ऐसा वकील होता है, जो कानून के कई क्षेत्रों पर एक्सपर्ट कानूनी सलाह देता है। वह अपने क्लाइंट के कानूनी हित का प्रतिनिधित्व करने और बचाव करने के लिए जिम्मेदार होता है। पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ीं कृशांगी मेश्राम वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात में रह रही हैं। मेश्राम ने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स में ओपन यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने केवल 18 साल की उम्र में लॉ में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल की। कृषांगी मेश्राम ने विश्वविद्यालय को इसका श्रेय दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं ओपन विश्वविद्यालय की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे केवल 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। कृषांगी मेश्राम ने आगे कहा कि अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की अकादमिक नींव रखी, बल्कि इसके साथ कानून के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया।

---

*लेबनान बोला- हिजबुल्ला हथियार डालेगा*

# दीर्घकालिक सीजफायर पर बात करेंगे इजराइल और अमेरिका

एजेंसी ▶▶ बेरूत

अमेरिका के विशेष दूत टॉम बैरक ने कहा है कि उनकी टीम इजराइल के साथ लंबी अवधि के लिए संघर्ष विराम पर बातचीत करेगी। यह कदम लेबनान द्वारा हिजबुल्ला को हथियार छोड़ने के अमेरिकी समर्थित योजना को



मंजूरी देने के बाद आया है। बैरक ने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। अमेरिका अब युद्ध के बाद देश की आर्थिक पुनर्निर्माण योजना पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। बैरेक ने कहा कि लेबनानी सरकार ने अपना काम पूरा कर लिया है और अब इजराइल की ओर से भी समान कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बीच, हिजबुल्ला और उसके सहयोगी समूह इससे नाराज हैं। उनका कहना है कि इजराइल को पहले दक्षिण लेबनान में कब्जा किए पांच पहाड़ी क्षेत्रों से पीछे हटना चाहिए और लगातार होने वाली हवाई हमलों को बंद करना चाहिए। हिजबुल्ला के महासचिव नैम कासेम ने हथियार छोड़ने के प्रयासों का विरोध किया है, जिससे देश में गृह संघर्ष का खतरा बढ़ गया है।

राष्ट्रपति औन और प्रधानमंत्री नवाफ सलाम हिजबुल्ला और अन्य गैर-राज्य सशस्त्र समूहों को हथियार छोड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने इजराइल से हमलों को रोकने और अपने देश से पीछे हटने की मांग की है। औन ने लेबनानी सेना के लिए फंड बढ़ाने की योजना भी बनाई है, ताकि सेना की क्षमता मजबूत हो सके। इसके अलावा, वह अंतरराष्ट्रीय दाताओं से धन जुटाकर देश के पुनर्निर्माण की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

---

भारत वापसी के दौरान इटली पहुंचा था युद्धपोत, तमाल ने दिखाई ताकत

# यूरोप में भारत का शक्ति प्रदर्शन, नौसेना के युद्धपोत ने दागे गोले

एजेंसी ▶▶ नेपल्स

भारतीय नौसेना का स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल ने इटली का दौरा पूरा कर लिया है। यह युद्धपोत इटली के नेपल्स में तीन दिनों तक ठहरने के बाद अपनी आगे की यात्रा पर रवाना हुआ है। इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने इटली की नौसेना के साथ एक छोटा अभ्यास भी किया। आईएनएस तमल के नेपल्स के बंदरगाह पर डेरा डालने के दौरान भारत और इटली की नौसेना ने आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इससे तेजी से बढ़ती भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को बल मिला इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी हैं। उनके कार्यकाल में भारत-इटली संबंध मजबूत हुए हैं। भारतीय रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, यह बंदरगाह प्रवास आईएनएस तमाल की भारत वापसी यात्रा का हिस्सा था और इसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से व्यापक नौसैनिक और राजनयिक बैठकें शामिल थीं। बंदरगाह में प्रवेश करने से पहले, आईएनएस तमाल ने इतालवी नौसेना के नव-नियुक्त लैंडिंग हेलीकॉप्टर डॉक (एलएचडी) आईटीएस ट्राइस्टे के साथ एक पैसेज अभ्यास (पासेक्स) में भाग लिया।

पासेक्स में समन्वित नौसैनिक अभियानों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें कम्युनिकेशन अभ्यास, जटिल युद्धाभ्यास, हेलीकॉप्टर उड़ान अभ्यास और समुद्री सवारों का आदान-प्रदान शामिल था, जिसका समापन एक औपचारिक स्टीम पास्ट के साथ हुआ। बंदरगाह प्रवास के दौरान, जहाज के चालक दल ने इतालवी सैन्य और नागरिक अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चाओं, व्यावसायिक आदान-प्रदानों और उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लिया।

**इटली की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल**



आईएनएस तमाल के कमांडिंग ऑफिसर ने इतालवी नौसेना के लॉजिस्टिक्स कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल पियरपाओलो बुद्री और नेपल्स की उप महापौर लॉरा लिटो से मुलाकात की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि चर्चा भारत-इटली रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के तहत संयुक्त पहलों पर केंद्रित थी। इस यात्रा के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में, आईएनएस तमाल और रोम स्थित भारतीय दूतावास ने जहाज पर एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें इतालवी नौसेना, स्थानीय सरकार, इटली स्थित संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और इतालवी रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**आईएनएस तमाल कितना शक्तिशाली**

*आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना का तलवार क्लास का फ्रिगेट है। यह तलवार क्लास की फ्रिगेट का आठवां जहाज है और भारतीय नौसेना द्वारा ऑर्डर किए गए इस श्रेणी के फ्रिगेट के तीसरे बैच का दूसरा जहाज है। इसे रूस के कलिनिनग्राद में यंतर शिपयार्ड में बनाया गया था। यह रूस में बना भारतीय नौसेना का 51वां नौसैनिक पोत भी है। इस पोत की लंबाई 124.8 मीटर और विस्थापन 3678 टन है।*

---


बॉडीगार्ड ले गए थे 'पूप सूटकेस'

# यात्रा के दौरान पुतिन ने मल मूत्र भी अमेरिका में नहीं छोड़ा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 15 अगस्त 2025 को अलास्का में अहम बैठक हुई थी। अब इस बैठक को लेकर एक अहम खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पुतिन जब अलास्का में ट्रंप से मिलने आए थे, उस दौरान उनके साथ 'पूप सूटकेस' भी था।

यह सूटकेस किसी दस्तावेज या हथियार को रखने के लिए नहीं था, बल्कि इसमें मानव मल-मूत्र रखा जाता है। फ्रांसीसी पत्रिका दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी राष्ट्रपति के गार्ड उनकी यात्रा के दौरान उनका मल-मूत्र इकट्ठा करते हैं। उसे एक खास बैग में पैक



कर वापस रूस ले जाते हैं। कहा जा रहा है कि पुतिन की टीम ऐसा इसलिए करती है ताकि कोई विदेशी एजेंसी उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी न जुटा सके।

फ्रांसीसी मैगजीन पेरिस मैच के मुताबिक, यह सुरक्षा प्रोटोकॉल नया नहीं है। 2017 में फ्रांस यात्रा और वियना दौरे के दौरान भी ऐसा किया गया था। हालांकि क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति ऑफिस) ने हमेशा इन अफवाहों को खारिज किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109